ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	4/49	0.0220 हें वर्गफीट 2400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती जे.साई शिरिषा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202506100400517/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती जे.साई शिरिषा आ./पति श्री जी. रामाराव निवासी सड़क 01 मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	274/351	0.0140 हें वर्गफीट 1500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती सरस्वती यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202506100400516/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सरस्वती यादव आ./पति श्री मस्तु यादव निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	257/345	0.0069 हें वर्गफीट 743	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री जी. रामाराव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202506100400515/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जी. रामाराव आ./पति श्री अंकैय्या निवासी सड़क 01 मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	270/5	0.0210 हें वर्गफीट 2258	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री सौरभ जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202506100400514/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री सौरभ जैन आ./पति श्री मुकेश जैन निवासी सेक्टर-10 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पीपरछेड़ी प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	155/3	0.1050हें वर्गफीट	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री अमृतलाल डाहरे | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202506100400459/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री अमृतलाल डाहरे आ./पति श्री बेसाखुराम डाहरे निवासी बालोद तह. व जिला बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	715/49	0.0170 हें वर्गफीट 1890	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

नाम-परिवर्तन

मैं धरमलाल (DHARAMLAL) आ. लखन (LAKHAN) उम्र 44 वर्ष, निवासी ग्राम करेली, तह. धमधा, जिला दुर्ग छ.ग. का हूं व मैं मेरे पुत्री का नाम झुलेश्वरी साहू (JHULESHWARI SAHU) पिता का नाम धरमलाल (DHARAMLAL) दर्ज है। जो कि अभिप्रमाणित है व सत्य व सही है। यह कि मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 5253 8008 0579 में मेरे पुत्री का नाम दुलेश्वरी (DULESHWARI) आ. धरम लाल (DHARAM LAL) त्रुटिवश दर्ज हो गया है जबकी वास्तविक नाम झुलेश्वरी साहू (JHULESHWARI SAHU) आ. धरमलाल (DHARAMLAL) है। यह मेरे पुत्री के कक्षा 6 वी के अंकसूची में मेरे पुत्री का नाम कु. झुलेश्वरी (KU.JHULESHWARI) पिता का नाम धरम (DHARAM) दर्ज है।

अत: इस प्रकाशन के बाद से मेरी पुत्री का नाम झुलेश्वरी साहू (JHULESHWARI SAHU) पिता का नाम धरमलाल (DHARAM LAL) के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा यही नाम समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित हो।

शपथकर्ता
धरमलाल आ. लखन
निवासी ग्राम करेली, तह. धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यूज गैलरी

सच्चे राष्ट्र सेवक, संवेदनशील प्रशासक और एक महान व्यक्ति को खो दिया: राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर आज राजभवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि हमने सच्चे राष्ट्रसेवक, संवेदनशील प्रशासक और एक महान व्यक्ति को खो दिया है। पूर्व राज्यपाल श्री शेखर दत्त के निधन पर राजभवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने स्वर्गीय श्री दत्त के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मृतात्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत दुखद क्षण है। श्री शेखर दत्त जी का जीवन अनेक आदर्शों से भरा रहा। वे केवल एक उच्चपदस्थ अधिकारी नहीं थे, बल्कि एक वीर सैनिक और एक संवेदनशील जनसेवक भी थे। उन्होंने भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में सेवा दी थी और वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भाग लिया था। देश के लिए उनके इस वीरता और साहस पर हम सभी को गर्व है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि चाहे आप सैनिक हों, प्रशासक हों या नागरिक, देशसेवा का जज्बा और मानवीय संवेदनाएं ही किसी को महान बनाती हैं।

श्री डेका ने कहा कि सेना से भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए शेखर दत्त जी ने अपने करियर में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव के रूप में उन्होंने देश की सुरक्षा नीतियों को मजबूती दी। बाद में जब उन्हें छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया, तब उन्होंने इस राज्य की सांस्कृतिक और प्रशासनिक संरचना को मजबूती देने में उल्लेखनीय योगदान दिया। छत्तीसगढ़ में उनके कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विशेष रूप से जनजातीय समाज की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर गंभीरता से कार्य किया। वे सादगी, कर्मठता और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। उनका व्यवहार सभी से आत्मीयता से भरा होता था।

महेश कुड़ियाम की मौत एक फर्जी मुठभेड़ है वह कोई माओवादी नहीं था:आप

❖ आप ने की न्यायिक जांच के गठन की मांग, मुआवजा और नौकरी भी मिले

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका 28 जून 6 25 को बीजापुर के इरपागुट्टा जाकर महेश कुड़ियाम की पत्नी सुमित्रा कुड़यिाम और उनके 07 बच्चों सहित गांव वालों से मूलतः 6जून 2025 को जब महेश अपने भैसा को ढूंढने के लिए गांव में पास के जंगल तरफ गया था, लेकिन वापस नहीं आया, जिस पर गांव वालो ने सब जगह ढूंढा लेकिन नहीं मिला। 07/जून25 को भी ढूंढा गया लेकिन नहीं मिला, उसी दिन पटनम से लौट रहे एक व्यक्ति मेटा शैलेष नामक युवक की गांव वालो से मुलाकात हुई, और शैलेष ने बताया कि किसी व्यक्ति को पुलिस वालो ने हाथ बांधकर रखे देखा था। इसके बाद गांव वाले 08 जून को बीजापुर थाने आए, तब वहा पर पूछताछ करने से फोटो दिखाया गया, जिसमें पुष्टि हुई कि महेश को मार दिया गया है, और उसको नक्सली बताया गया है। इसके बाद वही पर महेश की बॉडी परिजनों और गांव वालो को दे दी गई।

इस पूरे मामले गांव वालों से, परिवार वालों से, स्कूल वालो से बातचीत जांच में यह तथ्य सामने आया और सबने एक ही सुर में यह बात बार बार दोहराई कि महेश कुड़यिाम नक्सली न था, और न कभी पहल भी शामिल हुआ। महेश के बारे में सबका यही कहना है कि वो एक आम जीवन जीने वाला आदिवासी किसान था,और उस दिन

भी वो अपने रोज का काम करते में भैसा ढूंढने गया था और फिर वापस नहीं आया। महेश 2023 से रसोइए का काम स्कूल में कर रहा था , लोगो में महेश को ईमानदार और अच्छा काम करने वाला बताया है।

खाते में हर माह वेतन भी आया –इसके अलावा हमारे द्वारा महेश और उसके पत्नी के समस्त दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक अकाउंट, आदि दस्तावेज देखने से भी प्राथमिकता से देखने से यह दर्शित हो रहा है कि वो एक आम जीवन गांव में व्यतीत कर रहा था, और उसके खाते में हर माह वेतन भी आया है। महेश के सात बच्चे में सबसे बड़ा बच्चा 12 वर्ष के आस पास का है और सबसे छोटा बच्चा 6 माह का है, प्रत्येक बच्चों में 2 साल, एक साल के आस पास का अंतर है, ऐसे में जिसके 07 बच्चे है, उसका एक लाख का इनामी माओवादी कहलाना समझ से परे है।

आम आदमी पार्टी की मांग

1. ऐसे में सरकार को चाहिए कि मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही करे, क्योंकि यही वो जिला है जहां सारकेगुडा और एड्समेटा गांव में हुआ फर्जी एनकाउंटर का घटना भी हम सबके सामने है, उस घटना का तो रिटायर्ड जस्टिस वी के अग्रवाल जी के नेतृत्व में हुई थी और वो जांच रिपोर्ट भी आज सबके सामने है, जिसमें यह बात निकलकर आई कि सारकेगुडा और एड्समेटा मुठभेड़ फर्जी थी, उसमें समस्त आम आदिवासी किसान नागरिक मारे गए थे, उसमें कोई भी नक्सली नहीं था।

2. उक्त सारकेगुडा एवं एड्समेटा की घटना से सबक लेकर और अपनी पूर्व की रमन सरकार से ही सीख लेकर , वर्तमान की विष्णुदेव साय की सरकार को चाहिए कि मामले में न्यायिक जांच आयोग का गठन करें।

3. ईरपागुट्टा मामले में भी एक न्यायिक जांच आयोग का गठन करा जाए, ताकि निष्पक्ष जांच कार्यवाही हो सके।

4. पीड़ित परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए*

5. मृतक महेश के समस्त बच्चों की पढ़ाई और परवरिश की जिम्मेदारी सरकार ली जाये।

6. महेश की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए।

7. सलवा जुडूम के बाद गांव वालो को उनके घर छोड़ने पड़े, ऐसे में उन गांव वालो को वापस बसाने की बात सरकार में कही थी, लेकिन हसदेव , रायगढ़ से लेकर बस्तर तक आदिवासी ही केंद्र में है।

मानसून सत्र में आएगा जन विश्वास विधेयक

आम लोगों को राहत देने का प्रयास अवैध निर्माण पर नहीं होगी सजा

रायरपर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार आम लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक तैयार किया जा रहा है। इसमें बहुत सारी बातों को शामिल किया गया है, जिनमें अवैध तरीके से घर, दुकान या कॉम्प्लेक्स बनाने पर तीन माह की सजा के प्रावधान को खत्म कर केवल 50 हजार रुपए जुर्माना लगाने की तैयारी है। विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले इस विधेयक के प्रारूप को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। इसके तहत प्रदेश के नगर तथा ग्राम निवेश, आबकारी,

नगर-ग्राम निवेश अधिनियम में भी होगा बदलाव

नगर-ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 69 ख की उपधारा 2 के मुताबिक घर, कॉम्पलेक्स या अन्य चोनों का नियम विरुद्ध निर्माण पर तीन माह की सजा या 50 हजार जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। प्रस्तावित रोशन इसमें पचास हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। धारा 69 की उपधारा 4 में तीन माह की सजा या पांच हजार रुपए के जुर्माने है।

लगेगा भारी भरकम जुर्माना

अभी छत्तीसगढ़ आवकारी अधिनियम 1915 की धारा क में यदि कोई बिना लाइसेंस के शराब पीने के लिए स्थान खोलता है ,या अवैध रूप से शराब बेचता है तो इसके लिए 5 हजार रुपए से कम तथा 25 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। प्रस्तावित संशोधन में प्रथम अपराध पर न्यूनतम 5000 रुपए जुर्माना का प्रावधान है। सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, अस्पताल, पूजा स्थलो बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा आम रास्तों पर शराब पीने पर 2000 रुपए जुर्माना लगता है।

आत्मोत्थान वर्षावास 2025

पूज्य साध्वी हसंकीर्ति श्रीजी के मंगल प्रवेश पर निकली भव्य शोभायात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। सदर बाजार जैन मंदिर से एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी तक रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गुरुभक्ति और जिन शासन के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह समाजजनों ने स्वागत किया। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर कलश यात्रा निकाली, जो शोभायात्रा के साथ चल रही थी।शोभायात्रा दादाबाड़ी पहुंचने पर संतों का मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से संतों का स्वागत किया। श्रीसंघ ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल प्रवेश उपाध्याय प्रवर परम पूज्य श्री महेंद्र सागर जी और परम पूज्य उपाध्याय श्री मनीष सागर जी के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।

सुविचार

घमंड और पेट जब ये दोनों बढ़ जाते हैं तो फिर ऐसा इंसान चाहकर भी किसी को गले नहीं लगा पाता। - अज्ञात

पाकिस्तान की ताजपोशी के मायने

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष पद पर पाकिस्तान की ताजपोशी होने को लेकर भारत में विपक्षी पार्टियों और उनके इको सिस्टम ने हाय तौबा मचानी शुरू कर दी है। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कमान मिलने को मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता बताया ता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि संयुक्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्य देशों को हर महीने अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार एक महीने के लिए अध्यक्ष पद दिया जाता है। इस बार पाकिस्तान को यह अवसर मिला है। ऐसा भी नहीं है कि पहली बार पाकिस्तान को अध्यक्ष के रूप में कमान सौंपी गई है। इसके पहले भी पाकिस्तान छह बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष रह चुका है भारत को भी आठ बार अध्यक्ष पद संभालने का अवसर मिल चुका है। इसलिए पाकिस्तान की ताजपोशी के कोई खास मायने नहीं हैं। यह एक औपचारिक जिम्मेदारी है। एक माह के लिए अध्यक्ष बनने पर किसी भी देश को कोई विशेष अधिकार नहीं मिल जाते यह एक सामान्य प्रक्रिया है कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका, रूस, चीन, इंग्लैंड और फ्रांस से पांच स्थाई सदस्य हैं। इनके अलावा दस अस्थाई सदस्य दो साल के लिए बनाये जाते हैं। जनवरी 2025 में पाकिस्तान को एक बार फिर अस्थाई सदस्य चुना गया है अब उसे एक माह के लिए इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इससे भारत की कूटनीतिक विफलता का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। न ही भारत को इससे कोई फर्क पड़ता है। यह हो सकता है कि पाकिस्तान एक माह के दौरान संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर जम्मू कश्मीर का मुद्दा पुरजोर ढंग से उठाने की कोशिश कर सकता है। किन्तु इस बारे में वह सिर्फ अपनी भड़ास ही निकाल सकता है। कोई नीतिगत फैसला नहीं करा सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 193 देशों में से अधिकांश देश इस मुद्दे पर भारत का समर्थन करते रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान जम्मू कश्मीर का मसला उठाकर कुछ हासिल नहीं कर पायेगा। पाकिस्तान पहले भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बेशूरा कश्मीर राग अलापता रहा है और उसे भारत मुंहतोड़ जवाब देता रहा है। इसलिए पाकिस्तान की एक माह के लिए हुई इस ताजपोशी से भारत के लिए चिन्ता वाली कोई बात नहीं है। इसके पूर्व हाल ही में अमेरिका के दबाव में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपनी आतंकवाद निरोधक समीति का पाकिस्तान को उपाध्यक्ष बनाया था इसे लेकर भी इसी तरह की चिंता जाहिर की गई थी लेकिन वे भी निर्मूल सिद्ध हो रही है।

आतंकवाद के खिलाफ क्वाड की प्रतिबद्धता

वाशिंगटन में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की हुई बैठक में क्वाड देशों ने आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। क्वार्ड की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को पूरजोर ढंग से उठाया और इस आतंकवादी घटना को लेकर पड़ौसी देश पाकिस्तान को इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पूरी तरह बेनकाब कर दिया। इसके बाद क्वाड देशों में एक स्वर में पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना की कठोर शब्दों में निंदा की और इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। जिसमें पाकिस्तान को नसीहत दी गई की वह इस आतंकी हमले की जांच करने वाली एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करे। यही नहीं बल्कि इस प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से संबंधित प्रस्तावों के अंतर्गत इस मामले में हर संभव मदद करें। क्वाड की बैठक में भारत ने जिस दक्षता से यह मामला रखा और पाकिस्तान के खिलाफ क्वाड देशों का समर्थन प्राप्त किया यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। भारत को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपना पक्ष रखने में जो सफलता मिल रही है वह भारत की दूरदर्शिता को दर्शाती है। पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाया था और इसके बाद भारतीय सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल को दुनिया के प्रमुख देशों में भेजा था। उसी का सुपरिणाम है कि क्वाड देशों ने भारत का समर्थन किया है।

महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ये लक्षित प्रयास ठोस नतीजे दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एच एम आई एस) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 918 (2014-15)से बढ़कर 930 (2023-24) हो गया है, जिसमें 12 अंकों का शुद्ध सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। मातृ मृत्यु दर 130 प्रति 1000 जन्म (2014-16) से घटकर 97 प्रति 1000 जन्म (2018-20) हो गई है - जो हमारी सरकार के पिछले एक दशक के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है।

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँचसे होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के विकसित भारत ञ2047के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वनरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चितकरने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी कोव्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।

हम अक्सर कहते हैं: ÷सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत।÷ और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है-ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय नेदेखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए -पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्व कर्ता औरअमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।

जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, ÷मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथाआशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वालेउपकरण के रूप में देखता हूँ।÷ इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफ़ॉर्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है।भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्या वस्थाव देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभवबनाते हुए इन केंद्रों कोस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा

रहा है।

देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पोदन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है । 10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेलटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों कीनए सिरे से परिकल्पना कर,शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वापूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथालीकेज कम करनेके लिएएक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यहमंत्रालय पोषण से बढ़कर,महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉशअधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है।

एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा मेंबहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपयेतक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित,शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है।

स्वामी विवेकानंद: विचारों के युगदृष्टा, युवाओं के पथप्रदर्शक

योगेश कुमार गोयल

11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति युगों-युगों तक जीवंत रहेगी।

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और आदर्श व्यक्त्वि के धनी माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद के बारे में कहा जाता है कि वे स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को खाना खिलाते थे और बाहर ठंड में सो जाते थे। मानवता के वे कितने बड़े हितैषी थे, यह उनके इस वक्तव्य से समझा जा सकता है कि भारत के 33 करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की भांति मंदिरों में स्थापित कर दिया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी

था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया।

युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ''ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफदेखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।''

सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆मन और बुद्धि इस संसार में रखो पर आसक्ति परमात्मा में रखो, श्री कृष्ण में रखो। जो कुछ है उनके लिए है। जब आसक्ति उनमें होगी तो कोई दुःख, दुःख नहीं लगेगा।

◆कथा के साधन भी मनोरंजन के साधन हो गए हैं इसलिए जब कोई दिव्य वाणी, जब कोई भय मुक्त करने वाली वाणी मिले और शिष्य अंधे और बहरे, गूंगे की तरह बैठे रहे तो आप जरा सोचो क्या यह सार्थक होगा ??

◆जो चीज नष्ट नहीं होती अगर उसके प्रति तुम्हारी आसक्ति हो गई तो तुम कभी दुःखी नहीं हो सकते और जिस चीज को मिटना ही है, रोज ही होना है, लूटना है, चाहे वो कोई हो उसमें अपने दिल को, हृदय को लगाओगे तो रोना तो पड़ेगा।

◆अगर गुरु चरणों में डूब के प्रेम है तो जब-जब उनकी सन्नति होगी, जब-जब उनकी आंखें मिलेंगे, जब-जब उनकी वाणीयां चलेंगी तब-तब मन आनंद से परिपूर्ण हो उठेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता।1876 बार्थोल्डी ने बेडलो द्वीप का दौरा किया, स्टैच्यू ऑफलिबर्टी का भविष्य स्थान। 1879 केप कॉलोनी में रेव एसजे डु टॉइट द्वारा अफ्रीकी संघ का गठन। 1879 उलुंडी में लड़ाईः लॉर्ड चेम्सफोर्ड ने जुलु राजा सेत्सवेयो को हराया। 1901 विलियम हॉवर्ड टैफ्ट फिलीपींस के पहले गवर्नर-जनरल नियुक्त। 1902 फिलीपींस में थियोडोर रूजवेल्ट द्वारा नागरिक सरकार की स्थापना। 1903 पैसिफिक केबल खुला। 1918 अंतिम ओटोमन सुल्तान मेहमेद VI सिंहासन पर बैठे। 1919 जर्मनी में एडीजीबी पार्टी का गठन। 1920 साइबेरिया की अनंतिम सरकार ने सखालिन द्वीप के हिस्सों को जापान को सौंपा। 1927 सुकर्णो ने डच ईस्ट इंडीज में इंडोनेशिया समर्थक स्वतंत्रता पार्टी (पीएनआई) का गठन किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ये विद्या के मन्दिर

ये विद्या के मन्दिर हटाना नही है। किसी हाल ताले,, लगाना नही है। हो पढ़ने को मोहताज मजलूम सारे, किसी को भी इतना सताना नही है । है जर्जर भवन और संख्या भी थोडी बहुत अच्छा ये पर,,, बहाना नही है। कहाँ जा सकेंगे ये मासूम सारे, कोई और इनका ठिकाना नही है। छुपे इनमें अब्दुल कलाम और शास्त्री, भले इनको अफसर बनाना नही है। सुशिक्षित जनता, व्यवस्थित प्रशासन, अरे जड से इन्दु ,,मिटाना नही है।। - **रानी इन्दु**

बादल तुम लौट

बादल तुम लौट आए हो बारिश की बौछार में अप्रतिम संसार में तुमको लौटना ही था मेरे संध्यास्थ से पूर्व, जमघट में बादल तुम लौट आए हो आंतरिक सृजन का आभार लेकर नई ऊर्जा का संचार लेकर !बादल तुम लौट आए हो ! - **अनुभूति 'अनु'**

मैं तो समंदर था

मैं तो समंदर था मुझे चैन से रहने न दिया दर्द सैलाब बनता रहा जुबां से कहने न दिया। किया जब कोशिश कुछ कहने की हमने उसने सत्य को ही सच रहने न दिया। - **पूनम झा प्रथमा**

लगे हुए हैं लोग यहाँ बस, छत पर द्रव्य

लगे हुए हैं लोग यहाँ बस, छत पर द्रव्य उगाने में। किसका क्या जाता है भैया, झूठे स्वप्न दिखाने में।। घर वालों को समझाने में, विफल रहे हम अक्सर ही। कितने माहिर बन जाते हैं, दुनिया को समझाने में।। सच, ईमान बचाकर रखना, और स्वयं बचकर रहना। लोग बहुत शातिर होते हैं, काम गलत करवाने में।। कुछ भी बोलें, सोचें पहले, खतरे मँडराते पग-पग। पहुँच रहे हैं लोग आजकल, बात-बात पर थाने में।। रखें सँभाले बहुत प्यार से, शीघ्र बिखर जाते रिश्ते। सदियाँ भी कम पड़ जाती हैं, रिश्ते अमर बनाने में।। उल्लू अपना सीधा करते, मुद्दों से भटकाते हैं। सब नेता बस लगे हुए हैं, जन-आवाज दबाने में।। - **दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

लगे हुए हैं लोग यहाँ बस, छत पर द्रव्य

मानो मेरी बात तुम ,सत्य कहूँ मैं यार। बेचैनी में आज है , यह सारा संसार॥ यह सारा संसार , खुशी दौलत में ढूँढे। गयी जवानी बीत , आज लगते सब बूढे॥ बना रहे संवाद ,यही इक मन में ठानो। सुख आएगा पास,अमित तुम मेरी मानो॥ - **अमित शिवकुमार दुबे**

जइसे-जइसे उमर बाढ़थे कर्म

जइसे-जइसे उमर बाढ़थे कर्म घलो ल बढ़ना चाही छोड़ लइकई के खेल-कूद आदर्श नवा गढ़ना चाही इही मानक ये बड़े होय के सरलग एला चढ़ना चाही कथा-कहानी-पोथी छोड़त आरुग ज्ञान अमरना चाही - **सुशील भोले**

मद्धम - मद्धम सांसे कम हो रही है

मद्धम - मद्धम सांसे कम हो रही है कुछ व्यर्थ,कुछ जीवन के संघर्ष में हंसी तो भूल बैठा बरसों हर रोज जख्म खा के तजुर्बे तो बहुत हैं कमबख्त इसका कोई मर्ज नहीं मोहब्बतें की बातें तो एक बहाना सा है वे हमें देख कर तो मुस्कुराते हैं पर उनकी मुस्कुराहट में भी कई व्यर्थ मंसूबे होते हैं।

- **लक्ष्मी नारायण लहरे ' साहिल ,**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज दिन के पहले भाग में आप किसी कार्य को लेकर दुविधा में रहेंगे इसके कारण भाग दौड़ भी करनी पड़ेगी।

वृषः आज का दिन मिला-जुला फल देगा दिन के आरंभ में जिस कार्य को करने से डरेंगे दोपहर के बाद उसी में मन लगने लगेगा।

मिथुनः आज दिन के आरम्भ में स्वभाव में नरमी रखने की आवश्यकता है। बेतुकी बाते कर के परिवार का वातावरण खराब करेंगे।

कर्क : आज दिन के आरम्भ में परिस्थितियां आपको लाभ से दूर रखने वाली रहेंगी आलस्य में पड़कर काम से दूर भागेंगे।

सिंहः आज दिन के आरंभिक भाग में आप किसी महात्त्वपूर्ण कार्य को लेकर उत्साहित रहेंगे लेकिन सेहत में धीरे धीरे नरमी आने से मन का उत्साह भी उदासीनता में बदल जायेगा।

कन्याः आज आप दिन के पूर्वार्ध में उदासीनता से ग्रस्त रहेंगे सर पर दायित्व के कारण कार्य करने का मन करेगा।

तुलाः आज दिन के पूर्वार्ध को छोड़ शेष भाग कुछ ना कुछ हानि ही देकर जाएगा अतिमहत्त्वपूर्ण कार्य समय रहते पूर्ण कर लें इसके बाद बनते कामो में विघ्न आने लगेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन सामाजिक कार्यो में योगदान देने से सम्मान बढ़ायेगा। आज आप कार्यो में जल्दबाजी दिखाएंगे।

धनुः आज आपको सरकारी क्षेत्र से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी सार्वजनिक क्षेत्र पर भी मान बढेगा आज लापरवाहि से बचें अन्यथा परिणाम विपरीत भी हो सकते है।

मकरः आज दिन के आरंभिक भाग में पूजा पाठ में सम्मिलित होने का असर दिन भर मानसिक रूप से शांत रखेंगा।

कुंभः आज भी दिन के पूर्वार्ध में सेहत संबंधित शिकायत रहेगी। सर में भारीपन अनुभव करेंगे।

मीनः आज के दिन धर्य धारण करने का लाभ आपको अवश्य ही किसी ना किसी रूप में मिल जाएगा।

सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्तः 07:20, चन्द्रोदय : 12:50, चन्द्रास्त : 24:22 अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (कालयुक्त), मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : चित्रा,योग : शिव, प्रथम करण : बव (14:06 तक), द्वितीय करण : बालव (27:17 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : तुला (27:29 से), मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?

2) राष्ट्रीय सरस मेला 2025 की मेजबानी कौन सा राज्य कर रहा है?

3) भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूलिंग स्टेशन किस शहर में स्थापित किया गया है?

4) साल 2025 में पहला खो-खो वर्ल्ड कप किस देश में आयोजित होगा?

5) कौन काँगो गणराज्य की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं?

शब्द सागर

भाजपा सरकार हमेशा से मजदूर विरोधी रही है : पप्पू अली

सिमगा/नवप्रदेश। बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि मजदूर श्रम कानूनों को निरंतर बदलाव करते हुए जिस तरह से मजदूरों के हित की रक्षा करने से सरकार अपने दायित्वों का निर्वाहन न करके हमेशा मजदूरों को धोखा दिया है। केंद्र सरकार ने 2022 में 29 श्राम कानूनों को समिश्रित किया है और मजदूरी संहिता,औद्योगिक संबंध संहिता समाजिक सुरक्षा संहिता और व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्यस्थल की स्तिथि संहिता पारित की है। इन सभी श्रम संहिताओं को समिश्रित करने की आड़ में मजदूरों का गला घोटकर उन्हें नियोक्ता के दांव से साधने की योजना है। केंद्र सरकार ने 2019 में सत्ता में आते ही फिर से ऐसा कानून लागू कर दिया। केंद्र सरकार के अधीन कई उद्योग में इसका क्रियान्वयन शुरु हुआ तो नियोक्ता इसका मनमानी फायदा उठाने लगे। उसके मुताबिक अब लेवर कोर्ट के स्थान पर लेवर आबिर्टेशन सेटलमेंट संस्थाएं बनने जा रही है। मै इन सभी रुझानों के बारे में सोचना रहता था और लगातार कहता रहा कि देश अराजकता की ओर बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की नीति से अब वह करीब आता दीख रहा है। केंद्र और राज्य सरकार उद्योग नीति में इतनी छुट दे दी है कि अब नये उद्योगों को ग्रामसभा से एनओसी लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीएसआर मद का उपयोग गलत जगह किया जा रहा है और कुछ उद्योगों द्वारा सीएसआर का मद लागू भी नहीं किया जाता है।

युवाओं में सनातन संस्कृति, देशभक्ति और हिन्दुत्व जगाना ही उद्देश्य

■ हिन्दू जागरण मंच का छाती में विस्तार हुआ

धमतरी/नवप्रदेश। हिन्दू जागरण मंच एक ऐसा संघ है जो सर्व समाज कल्याण निमित्त कार्य हो की भाव रखकर कार्य करता है। अपनों से कोई प्रतियोगिता नहीं कोई व्यक्ति बड़ा नहीं है कार्य बड़ा है, कार्य की चिंता करें समाज में समरसता का भाव निहित कैसे हो इसके लिए हम सभी को कार्य करना चाहिए हिन्दू समाज को विश्व पटल पर मानव समाज की सुरक्षा की सोच को परिलक्षित करना , एक उद्देश्य भारत मां की रक्षा कैसे हो उक्त भाव को समाहित करते युवाओं को सनातन संस्कृति का संस्कार की ज्ञान कराते

हुए हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद ने कहा युवाओं को हिन्दू जागरण मंच का समाज में क्या कार्य है , समाज से भेदभाव समाप्त कर हिन्दू समाज की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर अपने दायित्वों का ज्ञान होना चाहिए कहीं भी सनातन पर प्रहार हो तो युवाओं को आगे आकर अपने जाती पाती,संघ संगठन से ऊपर उठकर समाज हित में कार्य करना चाहिए,छोटी मानसिकता से समाज का निर्माण नहीं होता है हमें नागरिक कर्तव्य का बोध होना चाहिए , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सहसेवा प्रमुख मोहन लाल साहू ने युवाओं से पंच परिवर्तन , देश और समाज हित में सभी समाज को मिलकर कार्य करना चाहिए प्रत्येक घर एक फलदार पौधे लगाना चाहिए सरकारी संपत्ति की रक्षा करना हमारा नागरिक कर्तव्य है गांव की समस्याओं को गांव में ही समाधान करे ऐसा सभी समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए। हिन्दू जागरण मंच के विस्तार में जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा, प्रचार आयाम तुषार साहू, नगर आयाम अमरदीप महाजन, हरिशंकर शांडिल्य ,रविन्द्र बंजारे,प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर,प्रवीण साहू निरंतर अपने योगदान देकर युवाओं को हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए प्रेरित कर रहे है धमतरी खंड कार्यकारणी में राजेंद्र चंद्राकर,सुनील चंद्राकर तथा छाती ग्रामीण सुरक्षा समिति के संयोजक खिलेश चंद्राकर, सहसंयोजक देवांशू देवांगन विकास ध्रुव, सदस्य सुरेश चंद्राकर, समीर साहू,निखिल टांडे उज्वल ध्रुव, चंद्रशेखर साहू, प्रीतम साहू, शुभम यदु, मोनार्क चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर को ग्रामीण दायित्वों की जिम्मेदारी दी गई।

अंगिरा ध्रुव ने आंगनबाड़ी केंद्र में किया वृक्षारोपण

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत अरौद (लीलर) की आंगनबाड़ी केंद्र - 2 में सुपोष्ण चौपाल गोदभराई कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष धमतरी अंगीरा ध्रुव कार्यक्रम में शामिल हुए । साथ ही वहां के बच्चों को मिलने वाली रेडी टू इंट गर्म भोजन की जानकारी प्राप्त की और आंगनबाड़ी केंद्र चिरायु की टीम भी उपस्थित थी जिसमें गांव के महिलाओं का गोदभराई संपन्न हुआ साथ ही पौधा रोपण किया गया जिसमे गांव के सरपंच टीकेश्वरी साहू , आगन बाड़ी मैडम नोमिता सिन्हा , रामदुलारी निर्मलकर, लीना सिन्हा, सत्यवती निषाद,प्रतिमा सिन्हा, अहिल्या सिन्हा, सगना सिन्हा उपस्थित थे।

मच्छरों को नियंत्रित करने नालियों में चलाई जा रही फॉगिंग मशीन

महासमुंद/नवप्रदेश। बारिश के मौसम में मच्छरों के प्रजनन रोकने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शहर के नालियों में फॉगिंग मशीन से मच्छर रोधी धुएं डाले जा रहे हैं। शहर में मच्छरों के आतंक रोकने नपाध्यक्ष श्री साहू ने संबंधित अधिकारी को नालियों में फॉगिंग मशीन चलाने के लिए निर्देशित किए थे। जिसके परिपालन में नालियों में फॉगिंग मशीन चलाई जा रही है। श्री साहू ने कहा कि नगर में मच्छरों की बढ़ती संख्या को फॉगिंग मशीन से कुछ हद तक रोका जा सकता है। फॉगिंग मशीन मच्छरों को नियंत्रित करने और बीमारियों को फैलने से रोकने का एक तरीका है। फॉगिंग मशीन, कीटनाशक को धुएं या कोहरे के रूप में छोड़ती है, जिससे मच्छर और अन्य कीड़े मर जाते हैं। नालियों में फॉगिंग करने से, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को लक्षित किया जा रहा है। जिससे उनकी आबादी को कम करने में मदद मिलेगी।

देशी प्लेन शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने नेशनल हाईवे 353, सब्जी मंडी बागबाहरा के सामने में खोपली थाना बागबाहरा निवासी खेमराज धृतलहरे (34) के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की है। पुलिस ने धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

पटाखा फोड़ने पर बालक को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम गोपालपुर में बारात में आए लोगों के साथ मारपीट हो गई। पुलिस को ग्राम देवगांव थाना राजादेवरी निवासी मुकेश यादव ने बताया कि 1 जुलाई को गांव के डमरूलाल बरिहा की बारात में ग्राम गोपालपुर गया था, दोपहर करीब 3 बजे बारात स्वागत के समय एक बालक पटाखा फोड़ रहा था। इस बात पर गोपालपुर के रितेश उर्फ बलराम यादव और उसके अन्य साथियों ने पटाखा क्यों फोड़ रहे हो कहकर गाली देते हुए मारपीट की।

जिस समाज में शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता नहीं वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता : विधायक

■ नवापारा-राजिम के पीएमश्री हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। शहर के सुप्रसिद्ध पीएमश्री हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में बुधवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्जवलित करने के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि, शाला प्रवेश उत्सव एक ऐसा समारोह है जिसमें बच्चों का सम्मान करते हैं, इससे उनका मनोबल बढ़ता है और पढ़ने की ललक पैदा होती है। यहां पढ़ने वाले बच्चे जब पढ़कर आगे निकलते हैं तो अपने आपमें काफी गौरवान्वित होते हैं। यहां अध्ययन करने वाले बच्चों से कहना चाहता हूं कि वे पढ़ाई के प्रति अच्छी तरह ध्यान दे, टाप टेन में अपना स्थान बनाएं।

विधायक साहू ने कहा कि, जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा अनिवार्य है। आप सपने को साकार कर सकते हैं। आज सरकार आपको सारी सुविधाएं दे रही है। आपके शिक्षक समर्पण भाव से पढ़ा रहे हैं। यदि आप टॉप टेन में आएंगे तो हमारा यह ब्लॉक गौरवान्वित होगा। जिस उददेश्य से सरकार ने आत्मानंद स्कूल खोला है उसमें हम आगे बढ़ रहे हैं। अच्छी पढ़ाई करेंगे, अच्छे नागरिक बनेंगे। भारत के सपना को साकार करेंगे। शिक्षा को महत्व दो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन आया है। बेटियां आगे बढ़ रही हैं। जिस समाज में शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता नहीं रहेगी वह आगे नही बढ़ सकता। आने वाले समय में बच्चे प्रतिभावान बनें और देश, नगर का नाम रोशन करें। बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए यहां सभी वर्ग के लोग भेजते हैं, लिहाजा अपने माता-पिता के अरमानों पर खरा उतरें। विधायक ने इस स्कूल में पेवर ब्लॉक और शेड के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किया। विधायक साहू ने इस दौरान बच्चों का गुलाल लगाकर, मुंह मीठा कराकर गणवेश, पुस्तक और सायकल वितरण किया।

सरकार दे रही सुविधाएं

विद्यार्थी जीवन बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवन है - ओमकुमारी : कार्यक्रम में विशेष रूप से अतिथि के रूप में मौजूद नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बच्चो के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवन है। पूरे प्रदेश को गौरवान्वित करने वाला यह स्कूल है। यहां से पढ़कर निकलने वाले बच्चे एक से एक पदों तक पहुंचें यही हमारी शुभकामना है।

शाला प्रवेश उत्सव सरकार की बड़ी योजना : दानी

समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य दानी मैम ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि, इस स्कूल का इतिहास अनुशासन और उच्च शिक्षा के लिए जाना जाता है। कहा कि शाला प्रवेश उत्सव सरकार की बड़ी योजना है। आज यहां जो कार्यक्रम हो रहा है उसमें संकुल के 15 शाला के बच्चे शामिल हैं। बीईओ धनेश्वरी साहू ने कहा कि, अभनपुर ब्लॉक में संकुल का यह ख्यातिप्राप्त स्कूल है जो बहुत सक्रिय है। नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि, अच्छी शिक्षा ग्रहण कर बच्चे राष्ट्र के काम आएं। उन्होने साफसफाई और पानी की बचत पर भी बच्चो का ध्यान आकर्षित किया और ग्लोबल वार्मिंग के चुनौतियों को बताया।

नशे से अपना भविष्य बर्बाद नहीं करें युवा : धनेश्वर निर्मलकर

■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कार्यवाह ने कहा सर्वसमाजन नशामुक्ति अभियान चलाए

कुरूद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला धमतरी के जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने युवाओं में बढ़ते नशा के लत पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा नशे में अपना भविष्य बर्बाद ना करें और नशा मुक्त रह कर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें । आगे निर्मलकर जी ने कहा कि एक अच्छा भारत का सपना लेकर और हमारे आने वाली पीढ़ी कभी गुलाम ना रहे वे स्वतंत्र भारत में सांस ले ऐसा विचार लेकर हमारे महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की चिंता किए बिना अंग्रेजों , मुगलों से पराक्रम किये, उन्हें इस देश से भगाया लेकिन आज के युवा नशे के प्रभाव में आकर सब बर्बाद करने पर उतारू हो गया है आज अवैध रूप से दारू, टैबलेट,गांजा, चरस अफीम का व्यापार करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है और ऐसे लोग पुलिस की पकड़ में आ रहे हैं और तब हमें मालूम हो रहा है कि चरस,अफिम का व्यापार करने वाले लोग भी हमारे जिला में आ गये हैं।नशा के कारण अपराध भी बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप चाकूबाजी , चोरी, लूट की वारदात लगातार हो रही है। युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है लेकिन ऐसे युवा कम समय में अधिक पैसा कमाने के चक्कर में नशा का गोरख धंधा चला रहे हैं। नशा नाश का जड़ है और जो इसके गिरफ्त में आया वो बर्बाद ही हुआ है कभी आबाद नहीं हुआ।जिस घर में नशा गया उस घर में नरक जैसा वातावरण निर्मित हो जाता है इसके कारण कई घर टूट गए, परिवार बिखर गए।नशा करने वाले और नशा का अवैध व्यापार करने वाले लोगों से मैं कहना चाहता हूं कि वह किसी भी तरह के नशा एवं नशें के अवैध कारोबार को छोड़कर वैध काम की ओर ध्यान दें।

कलेक्टर के निर्देश, पॉस मशीन के माध्यम से करें बीज खाद का विक्रय

महासमुंद/नवप्रदेश। खरीफ मौसम की तैयारी में जिले के किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का भंडारण कर लिया गया है। उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप ने बताया कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से किसान खाद और बीज प्राप्त कर सकते हैं।

1 अप्रैल की स्थिति में जिले की सहकारी समितियों में कुल 32, 727 टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 22, 967 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता में सहकारी समितियों में यूरिया 16 हजार 59, सुपर फास्फेट 07 हजार 563, पोटाश 2 हजार 686, डीएपी 4 हजार 21, एनपीके 2 हजार 398 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 9 हजार 760 टन खाद विक्रय के लिए शेष है। सहकारी समिति झालखम्हरिया के सोसायटी प्रबंधक भोजराम साहू ने बताया कि वर्तमान स्थिति में यूरिया 175 टन, डीएपी 150 टन व पोटाश 126 टन उपलब्ध है, जिसका वितरण किसानों को किया जा रहा है।

वहीं बीज का भंडारण 26, 859 क्विंटल किया गया है, जिसका किसानों द्वारा नियमित उठाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनाज अंतर्गत धान सामान्य, शंकर धान, मक्का, कोदो, कुटकी और रागी, दलहन अंतर्गत अरहर, उड़द व मूंग, तिलहन फसल अंतर्गत सोयाबीन, मूंगफली और तिल बीजों का भंडारण किया गया है। जिसका किसानों को वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों और निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं।

दानीटोला वार्ड से गर्ल्स कॉलेज-रूद्री रोड तक बनेगी सड़क

कलेक्टर मिश्रा ने महापौर रामू रोहरा के साथ किया नगर भ्रमण

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा और महापौर श्री रामू रोहरा ने आज सुबह-सबेरे धमतरी शहर सहित आसपास किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्थलों का चयन और निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले नगरनिगम प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर श्री रोहरा ने बताया कि यहं स्कूल बहुत पुराना है और जर्जर हो चुका है। इस स्कूल के स्थान पर उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जाना है। इसके मदद्देनजर पोस्ट ऑफिस वार्ड में संचालित उर्दू स्कूल में नगरनिगम प्राथमिक स्कूल को स्थानांतरित किये जाने की योजना है। इसके बाद कलेक्टर और महापौर ने जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए उचित स्थान प्रदान करने के लिए एकलव्य खेल मैदान परिसर में बन रहे बॉक्स क्रिकेट का भी अवलोकन किया और कार्य की लागत, पूर्ण होने की तिथि आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर नगरनिगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, सीएमएचओ डॉ.यू.एल.कौशिक और डीईओ श्री टीआर जगदल्ले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा और महापौर श्री रोहरा ने दानीटोला वार्ड स्थित जैविक खाद केन्द्र का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने उक्त स्थल पर आक्सीजोन बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने आक्सीजोन में पाथवे, बैठक व्यवस्था, लायटिंग, पेयजल आदि सुविधाओं को शामिल करने कहा। साथ ही दानीटोला वार्ड से गर्ल्स कॉलेज-रूद्री तक सड़क निर्माण की भी चर्चा की। उन्हांने उक्त स्थान के आसपास किये गये अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश एसडीएम धमतरी को दिये। कलेक्टर ने पीजी कॉलेज पहुंचकर वहां पीएम उषा फंड से बनने वाले डिजीटल लायब्रेरी हेतु स्थल का अवलोकन किया और इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शैक्षणिक सत्र में छात्राओं के लिए कॉलेज परिसर में गर्ल्स हास्टल भी शुरू करायें। इसके साथ ही उन्होंने नालंदा लायब्रेरी हेतु हटकेशर वार्ड में चयनित स्थल पर ही लायब्रेरी बनाने की बात भी कही।

समस्या आने पर सब आपस में मिलकर चर्चा कर बेहतर करने का प्रयास करें : डॉ. राव

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिला अस्पताल के नए मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बुधवार को पदभार संभाला। इसके पहले वे जिला अस्पताल महासमुंद में आरएमओ थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य विभाग में सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम में शत-प्रतिशत

उपलब्धि हो, सेवा भावना हो, सभी आपस में समन्वय बना कर काम करें। कोई भी समस्या आने पर हम सब आपस में मिलकर चर्चा कर बेहतर से बेहतर करें। इस मौके पर एनएचएम कर्मचारी, मेकाहम से डॉ. निखिल गोस्वामी अस्पताल सलाहकार, प्रवीण नागदेवे, खोमन लाल साहू, कविता चंद्राकर, यादराम साहू, त्रिवेणी चक्रधारी, जागृति साहू, सुनील साहू, टेकलाल नायक सुमन साहू, देवकुमार डड़सेना, कोमल साहू, राजेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

मामा की चाकू घोंपकर हत्या नाबालिग भांजा गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा में बुधवार रात करीब 10 बजे एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। आरोपी कोई और नहीं बल्कि मृतक का नाबालिग भांजा बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है।

फिंगेश्वर के पास पकड़ा आरोपी

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से खून के सैंपल एकत्र किए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद आरोपी भांजा फरार हो गया था। आरोपी फिंगेश्वर क्षेत्र में छिपा था। पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर कुछ घंटों बाद ही उसे फिंगेश्वर के आसपास से पकड़कर नवापारा थाना लाई।

सीने पर चाकू से हमला

नवापारा के वार्ड क्रमांक 9 निवासी राजा कोसरे (30 वर्ष) ऑटो चलाता था। बुधवार रात करीब 10 बजे राजा कोसरे नवापारा के बस स्टैंड के पास था। इसी दौरान राजा का अपने नाबालिग भांजा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर भांजे ने मामा के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। राजा खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। घटना के समय दोनों नशे में होने की बात सामने आई है।

आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ कर रही पुलिस : नवापारा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ऐसैय्या ने बताया कि मृतक और आरोपी दोनों रिश्तेदार थे। हत्या की वजह पारिवारिक विवाद सामने आई है। नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खाद-बीज को लेकर घेराव | राज्यपाल के नाम प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेसियों ने खाद-बीज संकट पर सहकारी समिति का किया घेराव

महासमुंद/नवप्रदेश। खरीफ सीजन में खाद-बीज संकट को लेकर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर एवं प्रभारी अजय नंद एवं विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय सहकारी समिति का घेराव कर धरना दिया। कांग्रेसियों ने सहकारी समिति का घेराव कर धरना प्रदर्शन पश्चात समिति प्रबंधक को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी है कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद-बीज प्रदान करें, अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करने तैयार है।

विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। लेकिन, जब से भाजपा की सरकार बनी है ये सरकार किसानों को परेशान कर रही है। 2018 से पहले भाजपा सरकार ने किसानों की दुर्दशा कर दी थी जिससे किसान आत्महत्या करने मजबूर हो गए थे। लेकिन, कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध कर दिया। प्रभारी अजय नंद ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ जुमले की सरकार है। आजकल नया फर्जी जुमला चल रहा है 'एक पेड़ मां के नाम' और पूरे छत्तीसगढ़ के जंगल को अंधाधुंध काटा जा रहा है। उद्योगपतियों के नाम हर शहर में बुलडोजर से गरीबों का घर उजाड़ा जा रहा है। मानवता को ताक में रखकर बरसात से पहले गरीबों का घर उजाड़ दिया गया है। जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि किसानों के लिए अभी का समय महत्वपूर्ण है। किसानों को समितियों से धान बीज एवं खाद का वितरण किया जाना अनिवार्य है। परंतु, आज सहकारी गोदाम में खाद-बीज की कमी है और वही खाद-बीज महंगे दामों में व्यापारियों के पास उपलब्ध है।

आंदोलन के दौरान खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, किसान नेता दाऊलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, जसबीर ढिल्लों पूर्व शहर अध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर महामंत्री, अमन चंद्राकर युवा जिलाध्यक्ष, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, अक्षय साकरकर, निर्मल जैन, पार्षद सूरज नायक, देवेश शर्मा, सुनील चंद्राकर, बबलू महानंद, कमल प्रजापति, मोती साहू, बसंत चंद्राकर, मनोहर ठाकुर, ममता चंद्राकर, सोनम रामटेके, ईशा टंडन, राजा सोनी, अजय थवाईत, रवि ध्रुव, दिनेश दुबे, अनुराग चंद्राकर, गोपीचंद तारक, सन्नी महानंद, सुरेंद्र ठाकुर, भानु सोनी, सुशील जोशी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

सघन वृक्षारोपण अभियान 18 को

बालोद। जिले के गुरूर जनपद पंचायत में एसडीएम राम कुमार सोनकर ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण के संबंध में बैठक ली। बैठक में सोनकर ने विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न ग्रामों के सरपंच व सचिवों को सघन वृक्षारोपण अभियान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बैठक में बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत एक साथ सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिवों को ग्राम स्तर पर पौधरोपण हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। अभियान में प्रत्येक ग्रामीणों के अलावा पंचायत स्तर पर लाभान्वित परिवारों को शामिल करने के भी निर्देश दिए।

देह व्यापार: पति-पत्नी भेजे गए जेल

कवर्धा। संज्ञेय अपराधों की रोकथाम हेतु देह व्यापार में संलिप्त अनावेदकों के विरुद्ध थाना सहसपुर लोहारा पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की गई है। न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक महिला और एक पुरुष को जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना सहसपुर लोहारा पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम लाखाटोला में लंबे समय से देह व्यापार की अवैध गतिविधियों की सूचनाएं मिल रही थी। पुलिस द्वारा लगातार सतर्क निगरानी की जा रही थी। जांच के बाद लाखाटोला निवासी ईतवारी खुटेल उम्र 40 वर्ष, ज्योति खुटेल पति ईतवारी खुटेल, उम्र 40 वर्ष निवासी लाखाटोला, थाना सहसपुर लोहारा के विरुद्ध देह व्यापार जैसी संगीन गतिविधियों में शामिल होने का प्रकरण दर्ज कर एसडीएम न्यायालय लोहारा में प्रस्तुत किया गया।

वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

खैरागढ़। शहर में यातायात पुलिस ने नियमों के विरुद्ध बाईक चलाने वालों के खिलाफ चालान कार्रवाई करते हुए 12 हजार 900 रुपए जुर्माना वसूल किया। मोटरसाइकिल में बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना नंबर प्लेट गाडियां चलाने के कारण यातायात पुलिस द्वारा कुल 37 प्रकरण बनाए गए। मोटरसाइकिल पर तीन सवारी होने पर कुल 11 प्रकरण बनाए गए। बिना हेलमेट के कुल 9 प्रकरण और बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर 17 प्रकरण में चालान किया गया।

कलेक्टर ने लेटलतीफी पर जताई नाराजगी, कर्मचारियों ने पकड़े कान, 42 को नोटिस

जिला पंचायत, जिला अस्पताल और स्कूल में दबिश देकर समय पर दफ्तर आने की हिदायत दी

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार की सुबह जिला मुख्यालय में प्रशासनिक अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित करने जिला पंचायत, जिला अस्पताल और करपात्री स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने अनुशासनहीन अधिकारियों-कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए लेटलतीफी करने वाले कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी निर्धारित समय के बाद कार्यालय पहुंचे थे। जिला पंचायत कार्यालय में

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।

कुल 42 कर्मचारी देर से कार्यालय पहुंचे थे। कलेक्टर ने सभी के नाम के सामने टीप अंकित कर संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने अपनी गलती स्वीकारते हुए सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर क्षमा याचना की। भविष्य में समय का पूरी तरह पालन करने का संकल्प भी लिया।

जिला अस्पताल में भी कर्मचारी गायब

कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिला पंचायत और जिला अस्पताल जैसे जनसेवा से जुड़े संस्थान आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित हैं। राज्य शासन ने कार्यदिवस का समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित किया है। सभी अधिकारी और कर्मचारी समय की गंभीरता को समझते हुए निर्धारित अवधि में कार्यालय में उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां चिकित्सकों, तकनीकी स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई। यहां भी कई कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं थे।

कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी संबंधितों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों की शिफ्टवार सूची, उनके नाम और मोबाइल नंबर सहित एक बोर्ड पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों और परिजनों को जानकारी प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो।

कलेक्टर ने करपात्री स्कूल में भी आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही और समय की अनदेखी करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए। कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि समय की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साय और रमन 6 को पंडरिया आएंगे, छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों का शुभारंभ करेंगे

कवर्धा/नवप्रदेश। आगामी 6 जुलाई को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पंडरिया आएंगे। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष यहां पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर में पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिये 5 निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए महतारी अलंकरण सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर पंडरियावासियों को विकास कार्यों की सौगात देंगे। पंडरिया विधायक भावना बोहरा की अध्यक्षता और लोक निर्माण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे।

गौरतलब है कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा चुनाव में भावना दीदी की गारंटी में विधानसभा क्षेत्र की कालेज छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा का विस्तार पूरे पंडरिया विधानसभा में करने का संकल्प किया था। इसी संकल्प को पूरा करते हुए 6 जुलाई को 5 अतिरिक्त निःशुल्क बस सेवा का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इसके पूर्व भी उनके द्वारा 3 निःशुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। पिपरिया, पंडरिया, पांडातराई, कवर्धा और सहसपुर लोहारा महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को महाविद्यालय से घर आने-जाने के लिये निःशुल्क बस सेवा का लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य से महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जा रही है। 1000 बेटियों को इस सेवा का लाभ दिलाने का लक्ष्य है। ताकि छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण करअपने सपनों को पूरा कर सकें। उन्होंने बताया कि बस सेवा का लाभ लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और छात्राएं अपने नजदीकी जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) में संपर्क कर पंजीयन फॉर्म प्राप्त कर सकती हैं। जानकारी भरकर पुनः उसी केंद्र में फार्म जमा करना होगा।

जिले में 18 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

बालोद/नवप्रदेश। जिले में 18 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। सघन वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों, नागरिकों, समाजसेवियों, स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की बैठक ली। कलेक्टर ने सघन वृक्षारोपण अभियान की विस्तृत समीक्षा की। उपस्थित लोगों से इस कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। बैठक में पद्मश्री शमशाद बेगम, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक व नूतन कंवर सहित पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. पदम जैन उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पौधों की उपलब्धता और वितरण की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी दी। बैठक में पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. पदम जैन ने पौधरोपण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं और रखरखाव व उनके समुचित उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। अपर कलेक्टर ने जपं गुण्डरदेही के सभाकक्ष में सघन वृक्षारोपण के संबंध में बैठक ली। गुण्डरदेही विखं. में 61 हजार पौधरोपण किया जाएगा। बैठक में नपं अध्यक्ष प्रमोद जैन के अलावा एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, जपं सीईओ महेंद्र जांगडे उपस्थित थे।

किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने में सरकार नाकाम : साहू

राजनांदगाँव/नवप्रदेश। किसानों को खेती किसानी के दौर में खाद-बीज उपलब्ध न होने पर आज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में भरेगाँव सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मांग पत्र में किसानों को समितियों के माध्यम से खाद-बीज अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने खाद-बीज की शीघ्र व्यवस्था न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। साहू ने कहा कि कृषि प्रधान देश के कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य में ट्रिपल इंजन की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार किसानों को खाद बीज के लिये खून के आँसू रुला

रही है। खेती-किसानी के समय किसानों को खाद और बीज भी उपलब्ध नहीं हो पाया है। सोसायटी में खाद-बीज की शीघ्र व्यवस्था न होने पर किसानों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। साहू ने कहा कि किसान लगातार सोसायटी में चक्कर लगा रहे हैं। धान बुवाई व रोपाई का कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन खाद-बीज नहीं मिल रहा है। ज्ञापन देने वालों में रोहित चंद्राकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सुग्रीव साहू सरपंच सुरगी, तुलदास साहू, सनी साहू, सुनील कुमार, हुकुम सिंग, भागचंद सिन्हा, डोमन लाल, राजेश साहू, होमलाल, अंगेश्वर देशमुख, दिलीप चंद्राकर, तुलदास साहू, योगेश, सुभाष चंद्राकर, बासदेव चंद्राकर, त्रिमुक्त सिन्हा, नीलमणि, कौशल, संतोष उपस्थित थे।

टेडेसरा सरपंच ने जारी किया फर्जी पट्टा, पूर्व सरपंच ने की शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत टेडेसरा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच दानी पति देवराज साहू ने वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू के खिलाफ फर्जी आबादी पट्टा प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत की है। अपर कलेक्टर को कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में दानी साहू ने आरोपी सरपंच के खिलाफ

एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। दानी साहू ने बताया कि वे ग्राम पंचायत टेडेसरा की पूर्व सरपंच रही हैं। वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू द्वारा दुर्भावनावश उनके नाम से फर्जी पट्टा बनाकर पंचायत क्षेत्र में पट्टे की प्रति वितरित कर सामाजिक व राजनैतिक छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके कारण वे मानसिक रूप से आहत हुई हैं। जिस पट्टे को प्रचारित कराया जा रहा है, उसमें 11 मई 2019 की तारीख दर्ज है। 2019 में सरपंच खिलेश्वर साहू का ही कार्यकाल था। उस समय प्रशासन द्वारा पंचायत के जनप्रतिनिधियों का आरक्षण भी नहीं किया गया था।

इस कृत्य के कारण गांव में उनका दुष्प्रचार किया जा रहा है। दानी साहू ने बताया कि उनके नेतत्व में हाल ही में न्यु लुक बयो फ्यूल्स प्रा. लि. ग्राम फुलार टेडेसरा को पानी देने का विरोध किया गया था।

विवाह समारोह में शामिल हुए विधायक कुंवर निषाद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद व उनकी धर्मपत्नी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने देवेंद्र मोहन लाला पत्रकार के निवास राजनांदगाव पहुंचे और अपनी शुभकामनाएं दी। बिटिया निकिता के जीवन मंगलमय के लिए कामना की। इस अवसर पर लोक गायक सुनील बंसोड़ भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने किया संगीत विवि का भ्रमण

■ प्रशासनिक व्यवस्था के साथ देखी सांस्कृतिक झलक

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के 14 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों ने विश्वविख्यात इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। लोक सेवा आयोग से चयनित अधिकारियों की टीम में शामिल अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ऐतिहासिक दरबार हॉल, प्राचीन महल, राधा-कृष्ण मंदिर, संग्रहालय, शेर गेट, दृश्यकला संकाय और समृद्ध आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। वहां की विरासत व संस्कृति देखी। भ्रमण के बाद प्रशिक्षु अधिकारियों ने संगीत विवि कुलपति प्रो लवली शर्मा से भेंट की और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे, कलात्मक पाठ्यक्रमों और भविष्य की योजनाओं के बारे में व्यापक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम और सहायक नोडल अधिकारी सहायक कुलसचिव विजय सिंह उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने संगीत विवि मे प्रशासनिक और सांस्कृतिक अध्ययन प्राप्त किया।

डिप्टी सीएम की पहल सावन माह के प्रथम सोमवार बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक होगी पदयात्रा

कांवड़ियों के लिए नि:शुल्क ठहरने, स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल व कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, पुरातत्त्व, पर्यटन, जन आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर में सावन महीने में आने वाले श्रद्धालुओं और पदयात्रा कर आने वाले कावडियों के लिये कई व्यवस्थाएं की जा रही है। अमरकंटक से आने वाले कांवडियों के लिए भोरमदेव में निःशुल्क ठहरने, स्वास्थ्य, सुरक्षा और भोजन, स्वल्पाहार सहित सभी मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं का विशेष इंतजाम किया जा रहा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भोरमदेव में श्रद्धालुओं और पदयात्रा की तैयारियों के लिए मंदिर परिसर और मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में कावडियों, श्रद्धालुओं और पदयात्रा के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस वर्ष सावन मास 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। हर साल सावन माह के प्रथम सोमवार को कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पद यात्रा होती है। इस वर्ष पवित्र और सावन मास का प्रथम सोमवार 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल पर भोरमदेव और कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर के पास में वॉटर प्रूफडोम, निःशुल्क ठहरने, भोजन, स्वल्पाहार, स्वास्थ्य, सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक रविवार को निःशुल्क भंडारे की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की गई है। कवर्धा होते हुए भोरमदेव आने वाले कांवडियों के लिए चार स्थानों कृषि उपज मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर के सामुदायिक भवन, वीर सावरकर भवन और यूथ क्लब में ठहरने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

इसके बाद राजानांवागांव में आजीविका केन्द्र डोम में लगभग 2000 से अधिक श्रद्धालुओं की ठहरने, पेयजल, शौचालय सहित मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग की गाड़ी भी 24 घंटे संचालित होगी। मुख्यमार्ग में पडने वाले गांव के पंचायतों में भी ठहरने की व्यवस्था की गई है।

खैरडीगी और कुआगोंदी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में ग्रामीणों को मिली सौगात

■ आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा में आयोजित होगा शिविर

बालोद/नवप्रदेश। धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खैरडीगी और डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुआगोंदी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में ग्रामीणों को कई सौगातें मिली। इन गांवों में आयोजित शिविरों में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट काड आदि की सौगात मिलने के साथ ही इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित किया गया। गुरूर विखं. के खैरडीगी में आयोजित शिविर में प्रियंका नागवंशी, दामिनी, रजुला, भोजबती, गितांशी का आयुष्मान कार्ड बन गया। शिविर में 5 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड और 1 हितग्राही को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से लाभान्वित किया गया। शिविर में उपस्थित आदिवासी वर्ग के 4 हितग्राहियों की सिकलिन जाँच की गई। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों व हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। डौण्डी विखं. के कुआगोंदी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 3 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, 7 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जनधन योजना से लाभान्वित किया गया। 14 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड और 3 हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई। 4 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा में शिविर का आयोजन किया गया है।

पेज 1 का शेष

गर्भवती महिला को...

किनारे मितानिन, दाई और मंजीता की मां ने मिलकर वहीं डिलीवरी कराई। इसके बाद नवजात शिशु और जच्चा को लाठी के सहारे अस्पताल तक ले जाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुल टूटे एक अरसा हो गया है। जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन समाधान नहीं मिला। स्थानीय युवक ललित यादव ने बताया कि यह अस्पताल महज डेढ़ किलोमीटर दूर है, लेकिन टूटी सड़क और पुल ने इस डेढ़ किलोमीटर को जानलेवा बना दिया है। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, शिक्षक नहीं आ पाते और गांव बारिश में राज्य से कट जाता है। यह घटना न सिर्फ एक महिला की पीड़ा की कहानी है, बल्कि यह उस तंत्र पर करारा तमाचा है, जो विकास की बड़ी-बड़ी बातें करता है, लेकिन हकीकत में ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है।इस बीच जशपुर की मितानिन और दाई को लोगों ने 'धरती की देवियां' कहा है। सोशल मीडिया पर भी इनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं और लोग सरकार से इन जमीनी स्वास्थ्य सेविकाओं को राष्ट्रीय सम्मान देने की मांग कर रहे हैं। यह सवाल सरकार और सिस्टम से है क्या अब भी आप कहेंगे कि 'विकास गांव तक पहुंच चुका है?

भूस्खलन किरंदुल...

हो रही बारिश का असर अब रेल यातायात पर भी दिखाई देने लगा है। बुधवार को कोरापुट-किरंदुल रेललाइन पर मल्लिगुड़ा और जराटी स्टेशन के बीच बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। ट्रैक पर पहाड़ का मलबा और भारी पत्थर आ जाने से रेल यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। बता दें कि इससे पहले इसी मार्ग पर 2023 में बड़ा भूस्खलन हुआ था। 17 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद रेल लाइन को बहाल किया गया था।

जम्मू कश्मीर: रुक-...

में मुठभेड़ ऐसे समय हुई है जब अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था पहलगाम और बालटाल स्थित दो आधार शिविरों में पहुंचा। गुरुवार को दूसरा जत्था भी जम्मू के भगवती नगर से अगले पड़ाव के लिए रवाना हुआ। 26 जून को उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया था। पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमला किया था और 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। कथित तौर पर पर्यटकों के धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी गई थी। इस बर्बर आतंकी हमले से पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। हालांकि कुछ दिन में ही भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में छिपे आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम हमले का बदला लिया। भारत की कार्रवाई से भड़के पाकिस्तान ने सीमा पार से गोलाबारी और मिसाइलें दागनी शुरू की थीं। इन हमलों को भारत ने अपने मिसाइल डिफेंस सिस्टम की मदद से नाकाम किया था। जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान को बड़ा नुकसान भी पहुंचाया था। भारत ने मुरिदके (लाहौर के पास), बहावलपुर, कोटली और पीओके के मुजफ्फराबाद इलाकों में स्ट्राइक कीं, जिससे पाकिस्तान की सरकार घुटनों पर आई। बाद में सहमति के बाद सीजफायर की घोषणा की गई थी।

रायपुर में बनेगा...

कृषि विश्वविद्यालय के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन सोसायटी है। इस बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर का मुख्य उद्देश्य राज्य में जैव संसाधनों के दोहन के साथ-साथ नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां युवाओं को जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता एवं बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस इंक्युबेशन सेंटर में कुल 23 आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जिनमें बीएस-4 स्तर की जैव सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही दो सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन एवं एनालिटिकल टेस्टिंग लैब की भी स्थापना की जा रही है। इंक्युबेशन सेंटर में 17 सूक्ष्म एवं लघु और 6 वृहद उद्योगों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी। कुल 23 स्टार्टअप कंपनियों के लिए कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जो तीन वर्षों तक सेंटर में कार्यरत रह सकेंगी। कृषि और फार्मा बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित स्टार्टअप को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर के निर्माण एवं फर्निशिंग कार्य के लिए 20 करोड़ 55 लाख रुपये की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल से छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। इससे जहां एक ओर शोध और उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित होगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे। यह परियोजना न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और युवाओं के भविष्य को भी नई दिशा देगी।

जीडीपी वृद्धि दर 6.4...

आंतरिक गति बाहरी झटकों को झेलने के लिए पर्याप्त मजबूत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ऐसी दुनिया में जहां व्यापार और टेक्नोलॉजी के नियम तेजी से बदल रहे हैं, हमें भारत की वृद्धि को प्रतिस्पर्धा में स्थिर करना चाहिए, जो पैमाने, उत्पादकता और इनोवेशन पर आधारित हो। यह हमारा समय है। लेकिन हमें निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए। सीआईआई राजकोषीय संतुलन बनाए रखते हुए विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कैलिब्रेटेड विनिवेश के माध्यम से सरकारी राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव देता है।

कुल बाजार पूंजीकरण का लगभग 10 प्रतिशत, जो लगभग 55 लाख करोड़ रुपए है, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) के पास है। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा, हम इस बाजार पूंजीकरण का लगभग 10 प्रतिशत विनिवेश करने पर विचार कर सकते हैं, जिससे लगभग 5 लाख करोड़ रुपए प्राप्त हो सकते हैं। इस आय का उपयोग सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाने, सरकारी ऋण को चुकाने, विदेशों में रणनीतिक परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिए एक सॉवरेन वेल्थ फंड की स्थापना और महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है।

स्कूल खुलते ही शिक्षा विभाग की बदहाली उजागर : विद्यार्थियों को नहीं मिली पुस्तकें, टीचर की कमी से स्कूलों में हो रही तालाबंदी, युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों में नाराजगी

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल खुलते ही शिक्षा व्यवस्था की बदहाली की पोल खुलनी शुरू हो गई है। स्कूल खुलने के 18 दिनों बाद भी आधे से ज्यादा स्कूलों में विद्यार्थियों को पुस्तकें नहीं बंटी है। टेमरी और मचांदुर स्कूल में पालकों और विद्यार्थियों ने तालाबंदी कर दी है। युक्तियुक्तकरण से नाखुश शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद शुरुआती दौर में शिक्षा व्यवस्था की दुर्गति हो गई है। हाल ये है कि जिले के 177 संकुलों में से सिर्फ 39 संकुलों में ही पहली से आठवीं कक्षा की किताबें पहुंची है। पाटन ब्लाक का सबसे ज्यादा बुरा हाल है। यहां के किसी भी स्कूल में एक भी किताब का वितरण नहीं किया गया है। 57 संकुलों में से किसी भी संकुल में पुस्तकें नहीं भेजी गई है। धमधा ब्लाक में 45 संकुलों में से सिर्फ 9 संकुलों में ही किताबों का वितरण किया गया है। दुर्ग ग्रामीण ब्लाक के 41 संकुलों में से 20 और दुर्ग शहर के 34 संकुलों में से सिर्फ 10 संकुलों में पुस्तकें दी गई हैं।

नवमीं और दसवीं की पुस्तकों के वितरण की व्यवस्था थोड़ी बेहतर है। कुल 181 में से 92 स्कूलों में ही पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को किया गया है। धमधा के 5 स्कूलों में से 36, दुर्ग ग्रामीण ब्लाक के 41 में से 19, दुर्ग शहर के 38 में से 23, पाटन के 57 स्कूलों में से 14 स्कूलों में ही पुस्तकें बांटी गई हैं।

टीचर की मांग को लेकर टेमरी स्कूल में तालाबंदी

धमधा ब्लॉक ग्राम टेमरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के छात्रों और पालकों ने मिलकर बुधवार को स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। विद्यार्थी स्कूल गेट के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन करते रहे। छात्रों और शाला विकास समिति के सदस्यों का कहना है कि कलेक्टर और जन प्रतिनिधियों से सब्जेक्ट टीचर की मांग को लेकर आवेदन दिया गया, लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकला। विद्यार्थियों का कहना है कि गणित और कॉमर्स विषय के व्याख्याता स्कूल में न होने के कारण दोनों विषय नहीं पढ़ाए जा रहे हैं। भौतिकी विषय की व्याख्याता का ट्रांसफर युक्तियुक्तकरण के दौरान कर दिया गया। विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 को भी दूसरे स्कूल में भेजा गया है। प्राचार्य का पद काफी समय से खाली है। शिक्षकों की कमी के कारण 11 वीं और 12 वीं के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसके विरोध में तालाबंदी की गई है। स्कूल में तालाबंदी की खबर मिलने पर डीईओ ने स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों और पालकों को आश्वस्त करते हुए स्थिति संभाली।

शिक्षक आंदोलन की राह पर

युक्तियुक्तकरण से नाराज शिक्षकों ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। शिक्षकों ने अध्यापन कार्य छोड़कर रैली निकालकर रना दिया। शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। युक्तियुक्तकरण से प्रभावित कई शिक्षक न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। शिक्षक संघ के पदाधिकारी शत्रुघन साहू का कहना है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। स्थिति यह है कि शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण के दौरान जो त्रुटियां की हैं, उनको भी नहीं सुधारा जा रहा है। जिला स्तर पर प्रदर्शन किया गया है। भविष्य में आंदोलन को लेकर प्रदेश स्तर पर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।

पुस्तकें न बंटने पर डीईओ को कांग्रेस ने घेरा

इधर, पुस्तकें न बंटने पर दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतत्व में कांग्रेस नेताओं ने आज डीईओ अरविंद मिश्रा से जवाब मांगा। बाकलीवाल ने कहा कि स्कूल खुलने के 18 दिनों बाद प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों को पुस्तकें नहीं मिल पाई है। यह शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का सबसे बड़ा सबूत है। सरकार पुस्तक वितरण जैसी सामान्य व्यवस्था भी नहीं कर पा रही है। छात्रों के लिये यह बेहद दुर्भाग्यजनक स्थिति है। प्रतिनिधिमंडल में निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद दीपक साहू, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज, विजय चंद्राकर, सुशील भारद्वाज, प्रभारी सचिव अनूप वर्मा, गौरव उमरे, प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण केवलतानी, अमोल जैन, शाश्वत पांडे, यश बाकलीवाल, अंश चतुर्वेदी, दिव्यांश साहू, संस्कार शर्मा, संजय सिंह, श्रेयस, आयुष भार्गव, शिवेश दुबे, आयुष राव, छव्या साहू, यासिफख़ान उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

सेल-बीएसपी ने दुबई में किया कार्यालय का उद्घाटन

भिलाई। भारत की अग्रणी इस्पात उत्पादक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय मध्य पूर्व में सेल का पहला अंतरराष्ट्रीय कार्यालय है। कार्यालय का उद्घाटन भारत सरकार के इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने किया। इस अवसर पर दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार शिवन, सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय में संयुक्त सचिव वीके त्रिपाठी, तथा सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी और मेकॉन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में शामिल होने जामुल नपा अध्यक्ष दिल्ली रवाना

जामुल। नगरीय निकाय सशक्तिकरण नवाचार और सुशासन केन्द्र को प्रभावी बनाने के संदर्भ में आयोजित कार्यशाला में शामिल होने नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर दिल्ली रवाना हुए। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ है। नगर पालिका प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने के साथ ही इक्कीसवी सदी के भारत के निर्माता के रूप में शहरी स्थानीय निकाय को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने कार्यशाला का आयोजन किया है।

कलेक्ट्रेट में अधिकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच

दुर्ग। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जांच कराते हुए शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य शिविर अंतर्गत बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलसेल, हेपेटाईटिस-बी व सी और डायबिटिक रेटिनोपैथी (नेत्र जॉच) की जांच की गई। जॉच में कुल 119 लोगों की स्क्रीनिंग की गई और 72 लोगों की डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच की गई। 2 संभावित मरीज पाए गए। कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार दोनेरिया और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया गया।

बीसीसीआई और सीएससीए के प्रतिनिधि 6 को दुर्ग आएंगे : रविशंकर स्टेडियम का जल्द होगा कायाकल्प

बीसीसीआई के प्रतिनिधि करेंगे मुआयना, कलेक्टर ने सीएससीए को भेजा प्रस्ताव

दुर्ग/नवप्रदेश। देश को अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देने वाले दुर्ग के पं. रविशंकर स्टेडियम की जल्द तस्वीर बदलेगी। वर्तमान में जर्जर हो रहे स्टेडियम को नया स्वरूप देने दुर्ग जिला क्रीड़ांगन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीए) के माध्यम से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को लीज पर हैंडओवर कर दिया गया है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने स्टेडियम के लैंड यूज, निर्माण कार्य और अन्य कार्ययोजना से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को प्रेषित किया है। यह प्रस्ताव छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को मिल चुका है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के बोर्ड मेंबर अजय तिवारी ने बताया कि स्टेडियम को नया स्वरूप देने की प्रक्रिया चल रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया और सीसीपीएल के डायरेक्टर विजय शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे पं. रविशंकर स्टेडियम पहुंचेगा। स्टेडियम का मुआयना कर नया स्वरूप देने कार्ययोजना को गति दी जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में बीसीसीआई के सदस्य भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के बोर्ड मेंबर अजय तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सदस्यों का दुर्ग आगमन पं. रविशंकर स्टेडियम को नया स्वरूप देने की दिशा में नए अध्याय की शुरुआत होगी। स्टेडियम का नए सिरे से कायाकल्प होने से यहां अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के मैच देखने का अवसर खेलप्रेमियों को मिलेगा। यह स्टेडियम उभरते खिलाडियों को अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए बड़ा मंच प्रदान करेगा।

एकीकृत मानव संसाधन कार्यालय का उद्घाटन

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के मानव संसाधन संचालन को सुव्यवस्थित करने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मैकेनिकल और पीएंडई के मानव संसाधन कार्यालयों को एकीकृत मानव संसाधन कार्यालय रख रखाव और उपयोगिताएँ के रूप में विलय कर दिया गया है। वेलफेयर बिल्डिंग नंबर 2 में एकीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। उद्घाटन समारोह में कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी रखरखाव और उपयोगिताएं बीके बेहरा और मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन संदीप माथुर मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक मैकेनिकल प्रमोद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल टीके कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक शॉप्स एचके सचदेव, मुख्य महाप्रबंधक यूटिलिटीज जेपी सिंह, ओए अध्यक्ष एनके बंछोर और महाप्रबंधक एचआर-वर्क्स सूरज सोनी, महाप्रबंधक एचआर-मिल्स, एमएंडएस संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक आर रंजनी मौजूद थे।

एसपीएसबी अंतर संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता का समापन, टाटा स्टील ने जीता खिताब

भिलाई/नवप्रदेश। तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता-2025 के विजेता का खिताब टाटा स्टील ने जीत लिया। इस्को बर्नपुर उपविजेता रही। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का समापन समारोह 3 जुलाई को भिलाई निवास के एमपी हॉल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (माइन्स) बिपिन कुमार गिरी थे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर, अध्यक्ष (सेफी, ओए एवं बीएसपी शतरंज क्लब) एनके बंछोर, मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार घोष, पूर्व ओलंपियन एवं उप महाप्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग) राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे। उप प्रबंधक (एससीसीए) अभिजीत भौमिक, भिलाई शतरंज क्लब के सचिव अलंकार भिवगड़े व अन्य वरिष्ठ अधिकारी व विभागीय पदाधिकारीगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रमुख इस्पात संयंत्रों से कुल 9 टीमों ने भाग लिया, जिनमें टाटा स्टील की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस्को बर्नपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय शतरंज संघ द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप कुल 6 राउंड में संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि बिपिन कुमार गिरी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि शतरंज हमें जिंदगी में सही कदम लेने का सीख देता है। विशिष्ट अतिथियों ने भी इस प्रकार के आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने, प्रतिस्पर्धा का आनंद लेने तथा परस्पर सीख और सौहार्द के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष (बीएसपी शतरंज क्लब) एनके बंछोर द्वारा प्रस्तुत किया गया व संचालन एससीसीए विभाग के सुप्रियो सेन द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता के आब्जर्वर के रूप में तपन कुमार घोष, अलंकार भिवगड़े व एसके भगत उपस्थित थे। आर्बिटर की भूमिका अनीश अंसारी ने निभाई।

साइंस कालेज के नए विद्यार्थियों का स्वागत

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में समारोह आयोजित कर नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं का स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अजय सिंह व अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकों ने छात्रों को तिलक व आरती कर स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखना, अच्छे से अध्ययन, ग्रंथालय/ बुक बैंक का उपयोग, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना तथा नियमित उपस्थिति अनिवार्य है।

विधायक चंद्राकर ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने दुग4 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिसामा में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक ने छत्तीसगढ़ राज्य विकास प्राधिकरण मद के अंतर्गत साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण, धर्मस्व मद के अंतर्गत शिव मंदिर और राम मंदिर जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत दो सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विधायक चंद्राकर ने ग्रामवासियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य ग्राम की सामाजिक व सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार में राज्य के साथ हमारे क्षेत्र का भी विकास होगा। चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास से पूरे देश का विकास जुड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने के लिए हमारी सरकार तत्पर है। इसके लिए विभिन्न योजनाएं भी संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की गति में बराबर सहयोग किया जा रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, ग्राम सरपंच रोशन लाल साहू, उपसरपंच मन्नूलाल साहू, राजेश चंद्राकर, डिलेश्वर साहू, गीतेश्वर साहू, अजय साहू, भूपेन साहू, टोप सिंह पटेल, ओमप्रकाश धीवर, मुकेश साहू, भारत उपस्थित थे।

रिसाली निगम के सबसे खूबसूरत गार्डन का होगा विस्तार : आयुक्त

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम के सबसे व्यवस्थित और खूबसूरत आत्मानंद उद्यान का विस्तार किया जाएगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभापति केशव बंछोर और एमआईसी सद्स्य सनीर साहू के साथ टाउनशिप के वार्ड 11 और 12 का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने वार्ड के उप अभियंता डिगेश्वरी को निर्देश देते हुए कहा कि वार्ड 11 स्थित आत्मानंद गार्डन को विस्तारित करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें। आयुक्त ने कहा कि आत्मानंद गार्डन प्रदेश की पहचान है। यहां प्रदेश का एक मात्र स्केटिंग रोल ग्राउण्ड है। यहां बने बैडमिंटन कोर्ट और व्हालीबॉल कोर्ट का विस्तार करने प्रस्ताव शासन को भेजा जाना चाहिये। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, जलकार्य विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा उपस्थित थे।

वार्ड 11 उतई मुख्य मार्ग के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। आयुक्त और सभापति ने पौधरोपण के लिए स्थल निरीक्षण किया। आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में बारिश प्रारंभिक स्तर पर है। शीघ्र चयनित स्थल पर पौधरोपण किया जाएगा। आयुक्त ने वार्ड 12 में पार्षद सनीर साहू के निधि से झूला व अन्य सामग्री का निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश में होने वाले जल भराव की स्थिति और बीएसपी द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कलेक्शन और स्वीपिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। लचर व्यवस्था होने पर बीएसपी को पत्र लिखने कहा।

सीवरेज लाइन का किया निरीक्षण, निर्माण कार्यो को फौरन पूरा करने दिए निर्देश

पीएम आवास के हितग्राहियों से मिले आयुक्त, तत्काल निर्माण करने कहा

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के रुके हुए कार्यो का निरीक्षण किया। वार्ड 42 गौतम नगर खुर्सीपार में आनंद मसीह, कृष्ण दत्त पाण्डेय, राम प्रसाद द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने हितग्राहियों से मिलकर मकानों को अति शीघ्र पूर्ण करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों के आवास निर्माण का निरीक्षण भी किया गया। हितग्राही राम कुमार साहू, रानी बाई साहू, निर्मला देवी व मंगलहीन बाई को भवन अनुज्ञा प्राप्त होने के बाद घर के सामने 3.5 मीटर रोड के लिए जगह रिक्त रखते हुए मकान का निर्माण करने कहा गया। निर्माणाधीन सीवरेज लाइन का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे व कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट, किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, सर्वेयर उपस्थित रहे।

नगर निगम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने संयुक्त अभियान

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई जोन 5 और भिलाई इस्पात संयंत्र की संयुक्त टीम ने प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने अभियान शुरू किया। प्लास्टिक, झिल्ली, पन्नी का उपयोग प्रतिबंधित होने के बावजूद होटल, दुकान व ठेला व्यवसायियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। दुकानदारों और ग्राहकों द्वारा प्लास्टिक में सामग्री की खरीदी-ब्रिकी करने के बाद उसका इधर-उधर फेंकने से सफाई व्यवस्था खराब हो रही है। सेक्टर क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सागर दुबे व भिलाई इस्पात संयंत्र से रमा यादव, बलराम शुक्ला अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

हजारों किसानों को नहीं मिल रहा पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ

दुर्ग (अंजोरा)/नवप्रदेश। जिले के हजारों पात्र किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस योजना से वंचित हैं।

जनपद सदस्य व किसान नेता ढालेश साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है। लेकिन जिले के हजारों किसानों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बड़ी संख्या में किसानों के आवेदन जांच लंबित या अपात्र की स्थिति में रखा गया है। कई किसानों के नाम योजना से बिना कारण हटा दिया गया है। आधार और बैंक खाते की त्रुटियां, पंचायतों द्वारा समय पर सत्यापन न करना, पटवारियों द्वारा लापरवाही से जांच व अन्य तकनीकी गड़बडियों के कारण किसानों का नाम सूची में शामिल नहीं किया गया है। इसके कारण हर साल किसानों को 6 हजार रुपए का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

जनपद सदस्य ढालेश साहू का कहना है कि स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता के कारण हजारों किसान अब तक पीएम किसान योजना से वंचित हैं। कई बुजुर्ग किसान महीनों से तहसील के चक्कर काट रहे हैं। किसानों को योजना से वंचित करना अन्नदाता के साथ अन्याय है। उन्होंने ग्राम स्तर पर पुनः सर्वे कर सूची अपडेट करने की मांग की है।

लंबित व अस्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित समाधान करने की मांग भी की है। इसके अलावा सभी पंचायतों में जागरूकता शिविर का आयोजन कर किसानों को योजना का लाभ दिलाने की पहल होनी चाहिये।

अतुल कुमार सोनी को मिली पीएचडी की उपाधि

भाटापारा/नवप्रदेश। डॉ. अतुल कुमार सोनी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) के 58वें दीक्षांत समारोह में अपनी पीएच.डी. उपाधि प्राप्त की, जहां उन्हें पावर सिस्टम प्रोटेक्शन के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए श्रेष्ठतम पीएच.डी. थीसिस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और डीआरडीओ-एसएसपीएल की निदेशक डॉ. मीना मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

डॉ. सोनी के शोध कार्य का शीर्षक ए.सी. माइक्रोग्रिड्स के लिए नवीन अनुकूली रिलेइंग तथा सुरक्षा समन्वयन योजनाएं है, जो नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित आधुनिक पावर सिस्टम की जटिल चुनौतियों से प्रेरित रहा। भारत में विद्युत उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी वर्ष 2030- 31 तक लगभग 40% से बढ़कर 65% से अधिक होने का अनुमान है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह लक्ष्य 2050 तक 80% से भी ऊपर पहुँचने की संभावना है। इस तीव्र परिवर्तन ने माइक्रोग्रिड्स के विकास को बढ़ावा दिया है, किंतु परंपरागत सुरक्षा प्रणालियाँ, जो केंद्रीकृत नेटवर्क एवं एकदिशीय पावर फ्लो के लिए विकसित की गई थीं, अब इन जटिलताओं और परिवर्तनों का सामना करने में सक्षम नहीं हैं। इसी महत्वपूर्ण आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए डॉ. सोनी ने ऐसे नए सुरक्षा तंत्र विकसित करने पर शोध किया, जो नवीकरणीय ऊर्जा-समृद्ध माइक्रोग्रिड्स में सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर सकें।

डॉ. सोनी के शोध को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना मिली है। उनके कार्य को अमेरिका के जॉर्जिया टेक प्रोटेक्टिव रिलेइंग कॉन्फ्रेंस में क्लेयन ग्रिफिन बेस्ट स्टूडेंट पेपर अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो पावर सिस्टम प्रोटेक्शन के क्षेत्र में विश्व का सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है।

इसके अतिरिक्त उन्हें ग्रिड-इंडिया पावर सिस्टम्स अवार्ड (जीआईपीएसए) प्रदान किया गया, जो भारत में पावर सिस्टम के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य को मान्यता देता है। उन्होंने डीएसटी, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त AWSAR पुरस्कार भी प्राप्त किया, जो विज्ञान लेखन में उत्कृष्टता का प्रतीक है। साथ ही उन्हें स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में नवाचार और व्यावहारिक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न विषयों व प्रावधानों पर हुई चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं स्नातक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश नवीनीकरण के लिए एंबेसडर छात्र-छात्राओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के संयोजक डॉ. ईपी चेलक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं एवं प्रावधानों के बारे में चर्चा की। मुख्य रूप से शिक्षा की गुणवत्ता डिजिटल टेक्नोलॉजी, टेक्नोलॉजी एवं अन्य सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों की समावेशी पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मुख्य प्रावधान 3 अथवा 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, मल्टी एग्जिट मल्टी एंट्री, क्रेडिट पॉइंट, सर्टिफिकेट डिप्लोमा डिग्री और ऑनर्स की रिसर्च के बारे में एम्बेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। एनईपी सहसंयोजक डॉ रीता पांडे ने स्नातक तृतीय सेमेस्टर में करिकुलम के संबंध में बताया कि किस प्रकार यदि छात्र छात्राएं 4 वर्षीय ऑनर्स पाठ्यक्रम में जाना चाहते हैं तो अपने मुख्य विषय से संबंधित डीएसई करिकुलम को ही चयन कर आगे बढ़े अथवा जीई विषय का भी चयन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं को करिकुलम के चयन संबंधी कुछ दिक्कत होने पर संबंधित विभाग अध्यक्ष और विषय विशेषज्ञ से संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया।

न्यूज गैलरी

शिक्षक मेमन को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण

महासमुंद। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2024-25 के तहत शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव में स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा विकासखंड महासमुंद के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण (ज्ञानदीप) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि बीज निगम मंडल अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक रहे। अतिथियों ने शिक्षक को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया।

बीटीआई मार्ग चौड़ीकरण में देरी को लेकर नपाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

महासमुंद/नवप्रदेश। बीटीआई रोड चौड़ीकरण कार्य में हो रही देरी व लेट लतीफी को लेकर आज नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से मुलाकात कर कार्य में अनियमितता व धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए जारी कार्य की गुणवत्ता व गति में तेजी लाने की बात कही। साहू ने कार्यपालन अभियंता को कहा कि गड्ढों की सही भराई, वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था और डामर की गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान रखे। उन्होंने विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर सभापति गुलशन साहू, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर एवं पार्षद चंद्रशेखर बेलदार भी उपस्थित रहे।

समस्याओं का निराकरण हेतु विषयक प्रतिनिधिमंडल की भेंट

गरियाबंद/नवप्रदेश। छ.ग.पेंशनर समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष एन.के.वर्मा के नेतृत्व में आज विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद से सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण कराने विषयक प्रतिनिधिमंडल की भेंट की गई , गरियाबंद वि.ख. से सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों ओंकार राम साहू ,डोमारसिंह सिन्हा, थनवार राम ठाकुर ,पुरुषोत्तम मरकाम व्याख्याता का समयमान वेतनमान का एरियर्स का भुगतान लंबित है।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के ट्रांसफर में गड़बड़ी या संरक्षण?

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में स्वास्थ्य विभाग के दो प्रमुख अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर शासन की कार्यशैली पर गहरे सवाल उठ खड़े हुए हैं। 26 जून 2025 को जारी स्थानांतरण आदेश में सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों (BMO) को हटाया गया था, लेकिन सिर्फ 4 दिन बाद, यानी 30 जून को उसी आदेश को संशोधित कर उन्हें फिर से उसी पद पर बहाल कर दिया गया। यह संशोधन मात्र एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक संगठित प्रणालीगत सच्चाई को उजागर करता है जहाँ कुछ अधिकारी सालों से एक ही पद पर टिके, निजी अस्पताल चलाते हुए, नियमों और जवाबदेही से पूरी तरह मुक्त दिखाई देते हैं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का गुस्सा अब इस बात पर है कि क्या शासन ने जानबूझकर ऐसे अधिकारियों को बचाने के लिए नियमों को मोड़ा है? और क्या यह ट्रांसफर आदेशों में राजनीतिक या आर्थिक प्रभाव का परिणाम है?

डॉ सिदार की पोस्टिंग सारंगढ़ से पत्थलगाव जशपुर और फिर पुनः सारंगढ़ वही डॉ सुरेश खूंटे की पोस्टिंग कोंडागांव और पुनः पोस्टिंग बिलाईगढ़:-

सूत्रों के अनुसार, बिलाईगढ़ BMO डॉ. सुरेश कुमार खूंटे वर्षों से एक ही पद पर टिके हुए हैं और पेंड्रावन में 'सतगुरु हॉस्पिटल' नाम से उनका निजी अस्पताल वर्षों से संचालित हो रहा है। वहीं सारंगढ़ BMO डॉ. आर. एल. सिदार भी लगभग दो दशकों से सारंगढ़ में ही जमे हुए हैं, जिनका निजी अस्पताल भी वहीं मौजूद है। इन दोनों के ट्रांसफर 26-06-2025 को जशपुर जिला और कोंडागांव जिला हुआ जिसकी खबर से जनता में लंबे समय बाद उम्मीद जगी थी कि शायद अब स्वास्थ्य सेवाओं में निष्पक्षता और सुधार आएगा। लेकिन जब चार दिन के भीतर ही 30-06-2025 को संशोधन आदेश आ गया, तो लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया। कई कांग्रेस नेताओं ने इस फैसले को ÷भ्रष्टाचार का संरक्षण÷ करार देते हुए आरोप लगाया कि यह निर्णय धनबल और रसूख के दबाव में लिया गया है।

इस प्रकरण में सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या इन अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निजी अस्पताल संचालन की शासन से विधिवत अनुमति प्राप्त है? यदि नहीं, तो यह स्पष्ट रूप से केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 की नियम 15 का उल्लंघन है, जो कहती है: "कोई भी सरकारी सेवक, सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना कोई व्यापार, व्यवसाय या प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकता।" और यदि अधिकारी Non-Practicing Allowance (NPA) ले रहे हैं, तो वे किसी भी रूप में प्राइवेट चिकित्सा प्रैक्टिस नहीं कर सकते। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, NPA लेने वाले डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस, प्रत्यक्ष या परोक्ष, दोनों वर्जित हैं। इतना ही नहीं, यदि उनका निजी अस्पताल Clinical Establishments Act, 2010 के तहत पंजीकृत है और उसमें डॉक्टर के रूप में उनका नाम दर्ज है, तो यह स्वतः इस बात का प्रमाण बनता है कि वे पूर्णकालिक सरकारी सेवा में रहते हुए निजी चिकित्सा सेवा दे रहे हैं, जो पूरी तरह प्रतिबंधित है।

छग युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने राजू

नगरी/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारणी बैठक में प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम पटेल कें अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष रितेश पटेल एवं कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र पटेल नें नगरी-सिहावा राज के नगरी सांकरा निवासी सक्रिय युवा राजू पटेल को छ.ग कोसरिया मरार समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा , राजू पटेल कई वर्षों सें ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर के विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करतें आ रहें हैं , समाज के प्रति उनकें सक्रियता को देखतें हुए यह नवीन जिम्मेदारी दी गई ! नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी युवा प्रकोष्ठ राजू पटेल ने कहा कि ग्राम स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के समाज के सर्वागीण विकास और संगठन के विस्तार हेतु लिए गए निर्णयों एवं सामाजिक कार्यक्रमो व कार्ययोजनाओं कों समाजजनों तक प्रेषित करने के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध रहुगां , वरिष्ठों के होश व युवाओं के जोश से ही संगठन में समन्वयन स्थापित कर समाज कों नई दशा व दिशा देने का प्रयास करेंगे ! राजू पटेल को युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाये जानें पर मरार पटेल समाज प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल,नगरी राजध्यक्ष वामदेव पटेल , युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाराम शरण पटेल , संगठन सचिव नरेश कौशल , सिहावा राज राजा लतखोर पटेल,खुटैत नारायण पटेल, दिलीप पटेल,डिलेश्वर पटेल, मोती लाल पटेल,डामे पटेल , कुंज लाल पटेल, पटेल,लकेश पटेल,सभी राज अध्यक्षगण, सहित पदाधिकारी,क्षेत्र अध्यक्षगण सहित सभी पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण सहित सभी पदाधिकारी, एवं प्रभाकर पटेल,खिलावन पटेल,तिरथ पटेल,कमल पटेल,प्रितम पटेल, मिथलेश पटेल,अनेक स्वजातीय व मित्रजनों ने हर्ष जाहिर करते हुए बधाई दिया।

बिजली पोल निर्माण में अनियमितता

■ ग्रामीणों ने जताई चिंता, विभागीय निगरानी पर उठे सवाल

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम साकरा से खमरिया तक 11 केवी विद्युत लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत पोल लगाने के दौरान ठेकेदार द्वारा मानक प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। पोल की नींव में कांक्रीट की बजाय केवल मिट्टी का प्रयोग किया गया है, जिससे पहली ही बारिश में कई पोल झुक गए हैं और कुछ स्थानों पर तारों में टेंशन आने के कारण टूट-फूट भी देखी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 3 किलोमीटर तक विद्युत पोल खड़े किए गए हैं, परंतु कई स्थानों पर पोल की नींव में पक्का आधार देने के लिए पत्थर और सीमेंट कांक्रीट नहीं डाला गया है। खेतों में पानी भरते ही पोलों के आसपास की मिट्टी ढह गई, जिससे पोल झुक गए हैं और आसपास गुजर रही विद्युत लाइनों से टकराने की संभावना बढ़ गई है। यह स्थिति किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों और शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि संबंधित विभागीय अधिकारी शायद स्थल का निरीक्षण नहीं कर रहे हैं, जिससे इस तरह की लापरवाहियाँ हो रही हैं।

इस अवसर पर सरपंच संत कुमार मरकाम, पुनेद्र साहू, भुवनेश्वर साहू, हीरामणि मिश्रा, गैंदलाल निषाद, परिक्षित निर्मलकर, चमेली साहू, दिनेश्वरी साहू, आशा यादव, लक्ष्मी मरकाम, दिव्या साहू, शत्रुघ्न निर्मलकर, ललेश यादव, लड्डू साहू, निहारिका एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा पूर्व में भी विद्युत पोल स्थापना में गुणवत्ता संबंधी सवालों को प्रमुखता से 21 मार्च को समाचार प्रकाशित किया गया था, बावजूद इसके, विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। अब जबकि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, खेतों में लगाए गए पोलों के झुकने से जन सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण कर हाई स्कूल तुमडीबहार में मनाया प्रवेश उत्सव

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिला के नगरी विकासखंड के अंतिम छोर हाई स्कूल तुमड़ी बाहर मे शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था सर्वप्रथम माँ सरस्वती छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया जिसमें नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का शाला में स्वागत करके पाठ्य पुस्तक वितरण कर जनप्रतिनिधियों के द्वारा मिठाई खिलाकर सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित अनुशासन स्वच्छता के प्रति अपने लक्ष्य के राह पर चलने के लिए जागरुक करते हुए हुए जन प्रतिनिधियों ने बधाई दिया,जिसमे शाला प्रबंधन समिति, हाई स्कूल तुमड़ी बाहर अध्यक्ष वोशीत पटेल सिरधन सोम जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 25ज्योति सोम सरपंच ग्राम पंचायत ठेनही, दिनेश यादव वार्ड मेंबर ग्राम पंचायत ठेनही विधायक प्रतिनिधि डिगेशवरी सोम सदस्य, हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य आर के चिंडा सहित पालक गण एवं शिक्षक स्टॉप के साथ साथ अध्ययनरत छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान को दी गई श्रद्धांजलि

■ उनकी स्मृति मे किया गया पौधारोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर मे जिनकी प्रेरणा से प्रतिवर्ष महायज्ञ के रुप मे विराट यज्ञशाला की पुण्यभूमि का उदय हुआ जहां समय समय पर अन्य रचनात्मक आयोजन भी संपादित होते रहतें है वहीं सरयू साहित्य परिषद जैसी रचनात्मक संस्था के रचनात्मक कार्यों मे सदैव उत्साह हौसला मार्गदर्शन के प्रमुख आधार रहे यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान को सरयू साहित्य परिषद द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। परिषद से जुड़े मुकेश शर्मा के संचालन मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा ने गुरुदेव के साथ जुड़े संस्मरणो एवं उसके साथ बिताए पलों को याद किया। उनके विचारों का अनुसरण करने मे सतत सक्रिय रहे संतोष पाण्डेय ने भी अपनी भावअभिव्यक्ति में स्मरण किया। गौरतलब है कि संतोष पाण्डेय एवं उनकी टीम गुरुदेव के बहुत ही निकट थी और उन्हे पुत्रवत स्नेह प्राप्त था,अतः स्मरण को सदैव जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से यज्ञशाला प्रांगण मे समस्त जनों की उपस्थिति मे संतोष पाण्डेय के करकमलों से आंवला पौधे का रोपण किया गया तथा समस्त जनों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत दिव्य आत्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी श्रद्धांजलि सभा मे पं दुर्गा प्रसाद तिवारी,हरिहर शर्मा,पत्रकार शंकरलाल सोनी , लखनलाल शर्मा,मानिक प्रसाद मोनू दुबे,आर्यन स्वर्णकार, प्रकाश तिवारी,दिनेश शर्मा,आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

केन्द्र की मोदी और विष्णुदेव सरकार किसानों की सरकार

नगरी/नवप्रदेश। किसान दुधावा बांध डूबान प्रभावित संघर्ष समिति नगरी कांकेर द्वारा आज भाजपा जनप्रतिनिधि का सम्मान कार्यक्रम दुधावा रेस्ट हॉउस मे रखा गया जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने किसानो को सम्बोधित करते हुऐ कहा की भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी और बिष्णु साय की सरकार किसानो की सरकार है हमारी पार्टी हमेशा किसानो की चिंता की है और करते रहेगी मोदी जी गारेंटी को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है और आगे भी करते रहेंगे विदित हो की भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने डूब प्रभावित किसानो की धान खरीदी मे अतिरिक्त बोनस राशि को बंद कर दिया था जिनका किसानो ने विष्णु देव सरकार से मांग किये और त्वरित कार्यवाही करते हुवे लाभान्वित किए। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम पूर्व विधायक सिहावा श्रवण मरकाम जिला पंचायत उपाध्यक्ष कांकेर श्रीमति तारा ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष नगरी हृदय साहू जनपद उपाध्यक्ष नरहर पुर संजू गोपाल साहू किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष पुनीत राम साहू मण्डल अध्यक्ष बेलर मनोहर दास मानिकपुरी मण्डल अध्यक्ष नरहपुर टिकेश्वर सिन्हा पूर्व मण्डल अध्यक्ष अकबर कश्यप चंद्रशेखर अडील अमर सिंह पटेल महामंत्री दीपक साहू उमेश साहू महेन्द्र साहू सहित नगरी कांकेर क्षेत्र के डूबान प्रभावित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

वन कानून में बदलाव | **आदिवासी क्षेत्रों में जल-क्षेत्रों के ठेके रद्द कर ग्रामसभाओं के नियंत्रण में दिया जाए**

ग्राम सभा के अधिकार घटाने के विरोध में रावण भाटा नगरी में हुआ प्रदर्शन

■ रैली निकल कर एसडीएम कार्यालय नगरी में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी अंचल के वन क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में वनाधिकार कानून में बदलाव और ग्राम सभाओं के अधिकार घटाने के विरोध में 1 जुलाई को जिला स्तरीय प्रदर्शन हुआ। ग्राम सभा गांव गांव में 500 ग्राम सभा सदस्यों ने विरोध जताया। दिन मंगलवार राजाबाड़ा नगरी में सभा आयोजित किया गया जिसके बाद सभी ग्रमीणो जन रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे वहां मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम प्रीति दुर्गम को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें श्रीधन सोम, प्रमोद कुंजाम, ईश्वरी लाल नेताम, ईश्वर सोरी, अरविंद यादव, भगवान नेताम, लोकेश्वरी नेताम, रूपेश्वर नाग, बीरबल पद्माकर, चंदू कुमार अग्रवानी, गजेंद्र पद्माकर, जयलाल सोरी, विकास सोरी, राधिका नेताम, पेमन स्वर्णबेर, नरेश छेदैया, वन अंचल क्षेत्र के लोग बडी संख्या सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जैव विविधता नियमों में संशोधन कर ग्रामसभा द्वारा गठित सीएफआरएमसी को जैव विविधता समिति माना जाए। आदिवासी क्षेत्रों में जल-क्षेत्रों के ठेके रद्द कर ग्रामसभाओं को नियंत्रण दिया जाए। वन क्षेत्रों के जल स्रोत भी ग्रामसभाओं को सौंप जाएं। कि सीएफआर प्राप्त गांवों को हर साल 31 दिसंबर से पहले तेंदूपत्ता संग्रहण और बिक्री की प्रक्रिया खुद संचालित करने या सह-संचालन का प्रस्ताव पारित करने का अधिकार मिले। ग्रामसभाओं को तेंदूपत्ता, बांस, महुआ फूल जैसे वनोपज की नीलामी और रॉयल्टी संग्रहण का अधिकार दिया जाए। प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां ग्रामसभाओं के प्रति जवाबदेह हों। टाइगर रिजर्व और अभयारण्यों में निवासरत समुदायों को वनाधिकार पत्र दिए जाएं। ग्रामसभा के वन प्रबंधन अधिकार को मान्यता मिले। केंद्र की योजना न थोपी जाए।

छत्तीसगढ़ वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी रहा

वन समिति अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी रहा है। खासकर सामुदायिक संसाधन अधिकारों की मान्यता में, लेकिन पिछले एक साल से इसमें प्रगति नहीं हुई। उल्टय, वन विभाग कानून का उल्लंघन कर रहा है। 15 मई 2025 को वन विभाग ने पत्र जारी कर कहा कि यह वनाधिकार कानून की भावना के खिलाफ है। आदिवासी मंत्रालय से कोई प्रपत्र नहीं आया, जबकि केंद्र की प्रधानमंत्री धरती आबा योजना में स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं।

'बिहान' ने बदली जिदंगी महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

धमतरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-"बिहान" महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। ''बिहान'' से जुड़कर महिलाएं समूह के माध्यम से वित्तीय साक्षरता, बचत, ऋण सुविधा और स्वरोजगार की विभिन्न तकनीकों की जानकारी से अवगत हो रहीं हैं। वहीं महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा अन्य महिलाओं को भी भी प्रेरित कर रहीं हैं। समूह के सदस्यों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें आरएफ से 15 हजार रुपए, सीआईएफसे 60 हजार रूपये और बैंक ऋण के रूप में 3 लाख रुपए प्रदाय किए जाते हैं, जिसके उपयोग वे आजीविका और स्वरोजगार के लिए कर सकें। धमतरी जिले में सेंट्रिंग प्लेट से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्वसहायता समूह की कुल 58 सदस्यों को ऋण प्रदाय किया गया।

जिले में सांसद की पहल पर 100 करोड़ रुपये से बिछेगा सड़कों का जाल

■ ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने बनेंगी 66 नई सड़कें

महासमुंद/नवप्रदेश। सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ चरण के अंतर्गत 66 सड़कों की कुल 155 किमी लंबाई की परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 100 करोड़ है, जिसके लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन बनाकर स्वीकृति के लिए प्रस्तुत कर दिया गया है। यह सड़कें जिले के पांच विकासखंडों के उन ग्रामों में निर्मित की जाएंगी, जो अब तक पक्की सड़कों से वंचित रहे हैं, विशेषकर ऐसे गांव जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी बहुसंख्यक है। इन गांवों तक पक्की सड़कें पहुंचने से न केवल आवागमन सुलभ होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। चौधरी ने बताया कि वे स्वयं ग्रामीण परिवेश से आती हैं, और उन्होंने गांवों में सड़क के अभाव के कारण होने वाली कठिनाइयों को निकट से देखा है। सांसद रूपकुमारी ने सड़कों के अभाव में स्कूली बच्चों का कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी और किसानों को बाजार तक पहुंचाने में हो रही देरी जैसी अनेक समस्याओं के निराकरण को लेकर कहा कि ये सब समस्याएं केवल एक पक्की सड़क से काफी हद तक दूर हो सकती हैं। सांसद ने बताया कि इस परियोजना में पीएम धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित ग्रामों को प्राथमिकता देकर तैयार की गई है, जिससे वंचित समुदायों को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना न केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, बल्कि यह सामाजिक समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग भी प्रशस्त करती है। पूर्व पीएम स्व.अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की मूल भावना का विस्तार है। अटल का विजन था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास से वंचित न रहे। सुविधाओं से वंचित न रहे। परियोजना की स्वीकृति उपरांत जल्द ही सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। सांसद ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वे स्वयं मॉनिटरिंग करेंगी।

गाली-गलौज करने से किया मना तो पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा पुलिस ने ग्राम पतेरापाली मारपीट मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को श्रीराम साहू (29) ने बताया कि 1 जुलाई को दोपहर 3 बजे गांव का यशवंत साहू उसके घर के सामने आकर पड़ोसी से गाली गलौज कर रहा था, मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

शिक्षा वह प्रकाशपुंज है जिससे सम्पूर्ण समाज आलोकित होता है : बजाज

■ शास. उ.मा.शाला सुन्दरकेरा में हुआ शाला प्रवेशोत्सव

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि शिक्षा वह प्रकाश पुंज है जिससे सम्पूर्ण समाज आलोकित होता है। आधुनिक समय में शिक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए मेहनत, लगन एवं अनुशासन से पढ़ाई करें क्योंकि परिश्रम का विकल्प केवल परिश्रम है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए अनेकानेक सुविधाएं मुहैया कराई गई है। पाठशालाओं को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। भविष्य में सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति बहुत ही व्यावहारिक है, इससे विद्यार्थियों को ज्ञान एवं संस्कार तो मिलेगा ही, साथ साथ आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत की सभापति चन्द्रकला ध्रुव, वरिष्ठ नेता युधिष्ठिर चन्द्राकार, जनपद सभापति ब्रम्हानंद साहू, जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शाला प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू, प्राचार्य महेंद्र सिंह मनहाड़े, सरपंच धनेश्वर टंडन, भाजपा युवा नेता थनेंद्र साहू, उपसरपंच कमलेश यादव, पंचगण संजू साहू, गोवर्धन यादव, श्रीराम ध्रुव, भारत ध्रुव, टीकाराम पटेल, किशुन टंडन, शत्रुघ्न साहू एवं कोमल यादव सहित भारी संख्या में पालकगण उपस्थित हुए।

दोन्दे खुर्द के ग्रामीणों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। कहा सरपंच को सद्बुद्धि दो, शासन प्रशासन को सद्बुद्धि दो। राजधानी रायपुर से मात्र 16 किलोमीटर एवं छत्तीसगढ़ विधान सभा से मात्र 7 किलोमीटर बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम दोन्दे खुर्द के ग्रामीणों ने आज शराब दुकान नही खुलने देने के जनांदोलन को नया आयाम देते हुए सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया जिसमे संघर्ष समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणजन भारी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहां की हमारे गाँव के सरपंच अशोक साहू को सद्बुद्धि दो - शराब दुकान बंद करो, शासन प्रशासन को सद्बुद्धि दो - शराब दुकान बंद करो। साथ ही संघर्ष समिति को ग्राम दोन्दे खुर्द के बहुसंख्यक समाज, सतनामी समाज ने गाँव में चल रहे शराब दुकान संचालन बंद कराने के जनांदोलन को खुलकर समर्थन दिया एवं इस आंदोलन को आगे जारी रखने के लिए 50 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग भी संघर्ष समिति को दिया। ज्ञात हो सतनामी समाज ग्राम दोन्दे खुर्द के नेतृत्व में ही अवैध शराब की बिक्री एवं सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी को गाँव मे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगे : विधायक

छुरा/नवप्रदेश। छुरा नगर पंचायत परिषद की बैठक गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे छुरा विधायक रोहित साहू ने परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों और अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि नगर की समस्याओं का समाधान जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता ने आप सभी को विकास और व्यवस्थाओं के लिए चुना है, इसलिए अवैध निर्माण समेत सभी अवैधानिक गतिविधियों पर तत्काल रोक सुनिश्चित की जाए। बैठक की अध्यक्षता नपं अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी धानसिंह निषाद ने की। विशेष अतिथि के रूप में विधायक साहू के अलावा नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, पार्षद भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवीसिंह नेताम, यामीन (ट्रांसजेंडर), पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, संगीता दीक्षित, सलीम मेमन तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

महत्वपूर्ण एजेंडों पर लिया गया निर्णय : बैठक का एजेंडा इस बार पूरी तरह नगर के भौतिक, धार्मिक, व्यवसायिक और प्रशासनिक विकास पर केंद्रित रहा। विशेष तौर पर 12 विषयों पर चर्चा और निर्णय हुए, जिसमें नगर की दशा-दिशा को बदलने की क्षमता दिखी।

1. शीतला मंदिर प्रांगण में टीन शेड/डोम शेड निर्माण। धार्मिक गतिविधियों के लिए यह कार्य प्राथमिकता में रखा गयाताकि दर्शनार्थियों को बारिश और धूप से राहत मिले।

2. वार्ड क्रमांक-04 के मंगल भवन का नगर पंचायत में हस्तांतरण। इससे जनसुविधाओं का विस्तार होगा और भवन का उपयोग नगर के आयोजनों में प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

3. नवीन नगर पंचायत कार्यालय भवन का रावनभाठा में निर्माण। पुरानी व्यवस्था की जगह आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन तैयार होगा, जिससे नागरिकों के कार्य आसान होंगे।

4. नगर में छ्च्छ्रङ्ग कैमरा लगाने का प्रस्ताव। विधायक साहू ने कहा कि नगर की सुरक्षा प्राथमिकता है। हर चौराहे, बाजार और सार्वजनिक स्थान पर सीसीटीवी लगाना सुनिश्चित करें।

5. बाजार परिसर में तलघर पार्किंग एवं व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स मल्टी निर्माण। छुरा बाजार की बढ़ती भीड़भाड़ और यातायात अव्यवस्था को देखते हुए पार्किंग और मल्टी कॉम्प्लेक्स निर्माण को अत्यंत जरूरी माना गया।

6. जोबा तालाब का सौंदर्यीकरण। छुरा नगर की पहचान रहे जोबा तालाब को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा ताकि वहां पर्यटन और रोजगार के अवसर भी विकसित हों।

7. चिकन मार्केट के स्थानांतरण का निर्णय। नागरिकों की लगातार शिकायतों को ध्यान में रखते हुए चिकन मार्केट को नगर के बाहरी क्षेत्र में स्थानांतरित करने पर सहमति बनी।

8. पंडरीपानी राजस्व क्षेत्र को छुरा राजस्व क्षेत्र में मिलाना। इससे नगर पंचायत की इस बैठक के फैसलों के बाद नगर में चर्चा है कि अब छुरा का तेजी से विकास होगा।

जनता में उत्साह

नगर पंचायत की इस बैठक के फैसलों के बाद नगर में चर्चा है कि अब छुरा का तेजी से विकास होगा। लोग तालाब सौंदर्यीकरण, चिकन मार्केट शिफ्टिंग और अवैध निर्माण पर रोक जैसे फैसलों को ऐतिहासिक मान रहे हैं। कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि यदि इन पर ईमानदारी से अमल हुआ तो छुरा नगर पंचायत का चेहरा बदल जाएगा।

प्रशासनिक कार्यों में सुविधा होगी और नागरिकों को लाभ मिलेगा।

9. अवैध निर्माण पर रोक लगाने का ऐलान। विधायक रोहित साहू ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अब अवैध निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं होगा।

10. भवन नामांतरण के आवेदनों पर निर्णय। लंबित आवेदनों के निपटारे हेतु प्रशासन को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

11. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मणीकंचन केंद्र के समीप खसरा नंबर 271 की भूमि का सीमांकन। छुरा नगर को कचरा मुक्त, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना गया।

चंद्राकर ने 14 गांवों को दी अधोसंरचना की सौगात

कुरुद/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयासों से कुरुद विधानसभा क्षेत्र के 14 गांवों को अधोसंरचना विकास की बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2025-26 के तहत लगभग 1 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए सरकार ने क्षेत्र के ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने का कार्य किया है।

इन 14 विकास कार्यों में सीसी सड़कें, सामुदायिक भवन, रंगमंच व शेड निर्माण जैसी ज़मीनी ज़रूरतों को प्राथमिकता दी गई है। स्वीकृत कार्यों में सीसी रोड जीजामगांव 7.80, सामुदायिक भवन मोंगरा 6.50, सीसी रोड कातलबोड 5.20, सामुदायिक भवन मूरा 6.50, सीसी रोड भेंडरका 7.80, सीसी रोड सेन्हाभांठा 25.20, सामुदायिक भवन परसवानी 6.50, सीसी रोड कचना 7.80, सीसी रोड हंचलपुर 7.80, सामुदायिक भवन सिवनीकला 6.50, सामुदायिक भवन भुसरेंगा 6.50, रंगमंच निर्माण मंदरौद 4, शेड निर्माण चटौद 15, सामुदायिक भवन भाठापारा वार्ड क्र. 14, कठौली 6.50 लाख रूपए शामिल है। इन विकास कार्यों से एक ओर ग्रामीणों को पक्की सड़कों और सामुदायिक भवनों की सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर रंगमंच और शेड निर्माण से सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन, पंचायत बैठकें, विवाह समारोह और जनसमूह कार्यक्रम गरिमा के साथ सम्पन्न हो सकेंगे। इन विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

हरदी में शिक्षा का महाकुंभ-बच्चों ने सीखी सफलता की असली परिभाषा

■ व्यवहारिक ज्ञान और जीवन उपयोगी कौशल भी जरूरी, विद्यार्थियों में उत्साह की लहर

छुरा/नवप्रदेश। शिक्षा केवल डिग्री का प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और जीवन उपयोगी कौशल का माध्यम भी है। जिस दिन बच्चे यह समझ लेंगे, उस दिन उनके जीवन की दिशा बदल जाएगी। यह प्रेरक विचार विधायक रोहित साहू ने विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में व्यक्त किए।

हरदी के शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में हर्ष, उल्लास, संस्कार और संकल्प का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत हरदेश्वरनाथ भगवान शिव और मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा जय-जयकार के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा - शिक्षा का व्यापक उद्देश्य समझना जरूरी है। केवल किताबें पढ़ना काफी नहीं, जीवन में अनुशासन, व्यवहारिकता, हुनर और आत्मविश्वास भी जरूरी हैं। सपने देखो, लक्ष्य बनाओ और उसे पाने के लिए जी-जान से जुट जाओ। सफलता जरूर मिलेगी।उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला हरदी में अहाता निर्माण हेतु 10 लाख, टीना शेड निर्माण हेतु 10 लाख, तुमगांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा डांगनबाय में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की घोषणाएं कीं। उनकी घोषणाओं से ग्रामीणों और शिक्षकों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा -शिक्षा, शेरनी का वो दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। लड़कियों और लड़कों दोनों को शिक्षा का समान अधिकार मिलना चाहिए। अगर विकास का नया आयाम गढ़ना है तो पढ़ना ही होगा।विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालकों की भूमिका सबसे अहम है। वहीं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा -बच्चे मोबाइल से दूरी बनाकर किताबों से दोस्ती करें। किताबें ही वह रोशनी हैं, जो जीवन के अंधेरे को मिटा देती हैं। जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बच्चों को लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सीख दी।

दो पक्षों में मारपीट दोनों पर केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। ग्राम अमोरी निवासी यादराम ध्रुव ने थाने में शिकायत की है कि 1 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे वह गांव के शीतला मंदिर तालाब के पास मोबाइल में बात कर रहा था, उसी समय गांव के सागर ध्रुव, केदार ध्रुव व धर्मेंद्र यादव ने वहां आकर तू कौन होता है हमारे दोस्त तुषार ध्रुव को सिगरेट पीने से मना करने वाला कहते हुए मारपीट की। बीच बचाव कर दौड़ते हुए वह घर पहुंचा, कुछ समय बाद सागर ध्रुव, केदार ध्रुव व धर्मेंद्र यादव ने आकर फिर मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

वहीं केदार ध्रुव ने बताया कि गांव का यादराम ध्रुव रौब झाड़ने उसे और उसके दोस्त तुषार ध्रुव को हमेशा गाली देता था। 1 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे वह, सागर ध्रुव और केदार ध्रुव गांव के शीतला मंदिर तालाब में बैठकर बात कर रहे थे। वहीं यादराम ध्रुव भी था। उन्होंने गाली-गलौज कर मारपीट की। मारपीट से धर्मेंद्र यादव की पीठ में चोट आई है। आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत उपाध्यक्ष ने सौंपा पत्र

महासमुंद/नवप्रदेश। छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका क्षेत्रों में समग्र विकास को लेकर सिटी डेवलपमेंट प्लान पूरे प्रदेश में तैयार कराया जा रहा है। जिसके तहत महासमुंद नगर पालिका के 30 वार्डों में पार्षदों द्वारा पंचवर्षीय विकास की कार्ययोजना बनाकर पालिका में जमा की जा रही है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भी वार्ड-14 के समग्र विकास को लेकर कार्ययोजना बनाई है। साथ ही शहर के प्रमुख विकास कार्यों को प्राथमिकता से जोड़ने के लिए कार्ययोजना मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे को 10 पत्रों में दिया गया है। शहर के लिए योजना बनाकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री को दिया जा चुका है। राठी ने बताया कि शासन की अच्छी पहल है, इससे पांच वर्षों में शहर में क्या-क्या काम विकास के कराए जाने हैं, उसकी रूपरेखा तैयार हो जाएगी।

आलोक चंद्राकर घर के पास 3 फीट की गली है उस गली को 10 फीट करने से आवागमन सुलभ होगा। पुरानी मंडी में काम्प्लेक्स बन रहा है, जिससे एक नई सड़क मिलेगी। इसके लिए संबंधित भूमि धारक को मुआवजा देना पड़ेगा, जिससे दो नई सड़क वार्ड 14 को मिल सकेंगी। इसके अलावा ओवरब्रिज के नीचे व्यावसायिक काम्पलेक्स, वार्ड में सीसी रोड, नाली, आंगनबाड़ी भवन को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। वार्ड -14 के पंचवर्षीय कार्ययोजना पत्रक सौंपते वक्त पार्षदगण पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पप्पू ठाकुर, भाजपा नेता शरद मराठा, महेंद्र सिक्का, समसु खान उपस्थित थे।

साइंस कालेज में किसान जवान संविधान जनसभा को सफल बनाने बैठक

धरसीवां/नवप्रदेश। प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के तत्वाधान में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ आगमन पर साइंस मैदान में किसान जवान संविधान जनसभा को सफल बनाने हेतु आज आवश्यक बैठक रखा गया। जिसमें प्रमुख रूप से धरसीवा विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, प्रदेश सचिव पप्पू राजेंद्र बंजारे, भावेश बघेल, लोकेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष उत्तर कमल भारती, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मदन गोयल, ढालेंद्र वर्मा, कांग्रेस सुरेश साहू, पार्षद गोलू भारतिया, हरीश साहू, रेखराज देवांगन, जगतू देवांगन, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल बघेल, चूड़ामणि साहू, पवन निषाद, पंकज नायक, यशवंत वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य नीतू साहू, राजू आशीष वर्मा, सरपंच साहिल खान, पप्पू बघेल, राजू वर्मा, मांधाता कश्यप, गिरवर वर्मा, भारत डहरिया, अंजीत सायतोड़े, मोहन साहू, नारद साहू, संतोष निषाद, सालिक निषाद, इसराइल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी जोन प्रभारी सेक्टर प्रभारी बूथ प्रभारी सम्मिलित हुए।

शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने भालूपतेरा में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर दीपक बंजारा (22) के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी पर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

चिकित्सकों को किया सम्मानित पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई, नवापारा द्वारा गोबरा नवापारा के प्रतिष्ठित चिकित्सकों को तुलसी का पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थी परिषद ने न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व नगर मंत्री दीपक साहू ने बताया कि 1 जुलाई को भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती होती है, जो देश के महान चिकित्सक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हीं के सम्मान में भारत सरकार ने वर्ष 1991 से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि चिकित्सक समाज में ईश्वरतुल्य स्थान रखते हैं, विशेषकर कोविड 19 जैसे संकट के समय में उनकी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगर कोषाध्यक्ष अभिषेक कंसारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और तुलसी जैसे औषधीय पौधों का वितरण एक सार्थक प्रतीकात्मक पहल है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नाड़ी वैद्य डॉ. राजेन्द्र गदिया ने पर्यावरण संतुलन और पौधों की देखभाल पर जोर देते हुए सभी को उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया।

लोकार्पण | **विष्णुदेव साय की सरकार नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को कर रही पूरा**

अरुण साव ने किया भटगांव में अटल बिहारी वाजपेई परिसर का लोकार्पण

■ 1 करोड़ रूपये से होगा नगर भटगांव का विकास : साव

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव मे अटल बिहारी वाजपेयी परिसर व मुर्ति का अनावरण छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा किया गया। जहां दिन भर बरसात के कारण कार्यक्रम स्थल को बदल कर नगर के सांस्कृतिक भवन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रथम नगर आगमन पर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। जहां कार्यक्रम मे उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरा सौभाग्य है जो मै अपने हाथों से भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी के मुर्ति का अनावरण किया व अटल परिसर का लोकार्पण किया आपको बता दे कि आज हमारे छत्तीसगढ़ राज्य जिसे विशेष दर्जा मिला है उसके जनक भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी है। उन्होंने ही छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाया है, गांव गरीब और किसान के कोई चिंता करने वाला है तो वो है भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो गरीब के दर्द को समझता है। नरेन्द्र मोदी के सरकार मे गांव गांव व घर घर मे शौचालय, पक्का मकान, आयुष्मान कार्ड बनाया गया। और हमारे देश के महिलाओं के सिंदूर की ताकत को दिखाते हुए आपरेशन सिंदूर चलाया और दुश्मनों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को धीरे धीरे पूरा कर रही है। पिछले 2 साल का बकाया बोनस हमारी सरकार ने दिया। महिलाओं को 1000 हजार रुपये महतारी वंदन दिया, हमारी सरकार बनते ही 12 दिनो मे हमने 12 लाख किसानों के खाते मे 3 करोड़ 716 लाख रुपया दिया। भाजपा सरकार मे आपके नगर पंचायत भटगांव मे 5 करोड़ 76 लाख रुपये स्वीकृत हुआ जिससे विकास दिख रहा है। और अभी नगर पंचायत भटगांव मे 99 लोगो की आवास स्वीकृति हुआ जिसके लिये हमारी सरकार ने 3 करोड़ 5 लाख रुपये दिया। और नगर भटगांव के विकास के लिए 1 करोड़ एडवांस मे घोषणा कर दिया। वही कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने भी संबोधित किया और उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मांग किया कि हमारे भटगांव के हर तालाबों को एक दूसरे से जोड़कर पानी भरा जा सके इसके लिए राशि स्वीकृति की मांग किया। वही कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, छाया विधायक व जिला पंचायत सदस्य डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष जालान, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, पार्षद मनोहर टंडन, पार्षद संतोष कुर्रे, पार्षद संतोष सरिता बघेल, पार्षद महादेव यादव, पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, पार्षद रामू सिदार, पार्षद देवेंद्र यादव, पार्षद लीलाधर वैष्णव, साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित महामंत्री श्याम लाल साहू, खेलन यादव, कार्यक्रम मे विशेष रूप से जिला कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, जिला पुलिस कप्तान अंजनेय वार्ष्णेय और भटगांव थाना के साथ आसपास के थानों के पुलिस जवान भी सुरक्षा व्यवस्था मे लगे रहे है। के साथ साथ ब्लाक स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

मंत्री टंकराम वर्मा ने पीएम मोदी की तारीफ की

नई खेल नीति का किया स्वागत

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खेल और आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफकी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री इतने देशों में सम्मानित हुए हैं, जो 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के साथ भारत की सभ्यता, संस्कृति और संस्कार वैश्विक मंच पर चमक रहे हैं। वे न केवल भारत के, बल्कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन के बारे में बताया कि बरसात से पहले ही समीक्षा बैठक की गई और सभी कलेक्टरों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बस्तर जैसे क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था, जैसे ठहरने, भोजन और दवाइयों का इंतजाम किया गया है। इसके लिए टीमें गठित की गई हैं और सभी जिलों को आवश्यक बजट आवंटित किया गया है। आपदा के दौरान त्वरित सहायता के लिए राज्य स्तर पर टोल-फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षणों से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और कार्यक्षमता मिलती है। वरिष्ठ नेता योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करने में बीजेपी कार्यकर्ता योगदान दे रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का काम तेजी से हो रहा है। वहीं, नई राष्ट्रीय खेल नीति 2025 का स्वागत करते हुए वर्मा ने कहा कि इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। इस नीति से भारत वैश्विक खेल शक्ति बनेगा और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में बेहतर प्रदर्शन करेगा। छत्तीसगढ़ में 'खेलो इंडिया' के तहत सभी तहसीलों में खेल सुविधाएं और कोच उपलब्ध कराए गए हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं मंजूर की हैं। हर जिले में खेल ढांचे विकसित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह नीति आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ खेल को जन-आंदोलन बनाएगी। नई शिक्षा नीति के साथ इसका एकीकरण भी होगा। उन्होंने इसे देश और छत्तीसगढ़ के लिए फायदेमंद बताया और खेल गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर डायरिया प्रभावित ग्रामों में संचालनालय के अधिकारियों ने किया दौरा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के विकासखंड कसडोल तथा पलारी के डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संचालनालय स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर बुधवार को बलौदाबाजार जिले के विकासखंड कसडोल तथा पलारी के डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संचालनालय से आईडीएसपी के उप संचालक डॉ खेमराज सोनवानी तथा सलाहकार श्वेता शर्मा ने भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया।

राज्य कार्यालय से आये अधिकारियों ने पलारी में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा, इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी ब सहित ग्राम बरबसपुर में लगे डायरिया स्वास्थ्य शिविर सहित बल्दा कछार का भी निरीक्षण किया। पलारी में इस समय केवल चार मरीज ही भर्ती हैं शेष ठीक होकर जा चुके हैं। उपचार बाद भर्ती चार मरीज पूरी तरह से सामान्य हैं। कसडोल के ग्राम बरबसपुर में मिले कुल केस में 4 ही वर्तमान में भर्ती हैं जिसमें 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भर्ती हैं। डायरिया के शेष अन्य केस उपचार लेकर ठीक हो चुके हैं तथा अपने घर जा चुके हैं । उप संचालक डॉ सोनवानी ने सभी प्रभावित ग्राम में मेडिकल स्टाफ की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी को निरंतर करने ,गांव में क्लोरीन टेबलेट वितरित करने को भी कहा। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने डिस्चार्ज मरीजों को काउंसलर के माध्यम से टेलीफोन के ज़रिए डायरिया के सम्बंध में फीडबैक लेने तथा स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के भी निर्देश दिए ।

न्यूज गैलरी

केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश की तिथि 15 तक बढ़ी

रायपुर/ नवप्रदेश। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक नंबर 1 रायपुर में वर्ष 2025-26 के लिए दसवीं एवं बारहवीं की कक्षाओं में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश के अवसर विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इसकी सूचना विद्यालय की वेबसाइट एवं विद्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है। अब अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ाई गई है। केंद्रीय क्रमांक एक रायपुर के प्राचार्य अशोक कुमार चंद्राकर द्वारा दिये जानकारी के अनुसार रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी या उनके पालक सुबह नौ बजे से बारह बजे के मध्य आवेदन कर सकते हैं। अनिवार्य दस्तावेजों के साथ दस जुलाई को शाम चार बजे तक आवेदन पत्र स्वीकार किये जाएंगे।

हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही

रायपुर। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगाने वाले वाहन चालकों पर रायपुर पुलिस एवं परिवहन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाते 111 वाहनों पर कार्यवाही की तथा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने निर्देश दिए।पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार यातायात पुलिस रायपुर एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों पर अभियान कार्यवाही प्रारंभ करते हुए आज 111 वाहन पर कार्यवाही की गई।बता दे कि हाई.सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक विशेष नंबर प्लेट है जिसे वाहनों की सुरक्षा और वाहन पहचान से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अद्वितीय सुरक्षा सुविधाओं के साथ आता है, जैसे कि पहचान संख्या और क्रोमियम होलोग्राम और एलटीपी स्टीकर। यह भारत सरकार द्वारा सभी प्रकार के वाहनों के लिए अनिवार्य है, ताकि वाहन पंजीकरण को सुव्यवस्थित किया जा सके और धोखाधड़ी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। नंबर प्लेट एल्यूमीनियम से बनी होती हैं और इसमें आसानी से परिवर्तन या छेड़छाड़ नहीं होती हैं। इसमें लेजर उत्कीर्णन जैसी सुविधाएँ शामिल हैं और स्नैप लॉक को प्लेट से हटाया नहीं जा सकता है जिससे डुप्लिकेट बनाना या उनका दुरुपयोग करना काफी मुश्किल हो जाता है। सामान्य तौर पर एचएसआरपी प्रणाली पूरे देश में नंबर प्लेटों को मानकीकृत करती है, वाहनों की सुरक्षा में सुधार करती है और प्रभावी कानून प्रवर्तन और यातायात प्रबंधन को सक्षम बनाती है। एचएसआरपी की अनिवार्यता भारत में सुरक्षित और अधिक व्यवस्थित वाहन मानदंडों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 50 के तहत भारत में सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने का प्रावधान/विवरण दिया गया है, जिसके उल्लंघन पर वाहन मालिक/ चालक पर जुर्माना लगाया जायेगा।

मुख्यमंत्री साय ने की वाणिज्यिक कर जीएसटी विभाग की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय के महानदी भवन में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग के कार्यों और कर संग्रहण की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली और कर वसूली को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी रणनीतियाँ अपनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करदाताओं द्वारा दिए गए कर का उपयोग राज्य और देश के विकास कार्यों में किया जाता है, इसलिए करों का ईमानदारी से भुगतान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कर चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और उनसे बकाया कर की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ को जीएसटी और वैट से कुल 23,448 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38 प्रतिशत है। इसके साथ ही राज्य ने 18 प्रतिशत की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक है।

वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने बैठक में विभागीय गतिविधियों की जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि नियमों के अनुरूप कर संग्रहण में निरंतर सुधार लाया जाए।बैठक में फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर लाभ उठाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

जीएसटी पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार को लेकर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया और बताया कि पंजीकरण की औसत समय सीमा अब 13 दिन से घटाकर 2 दिन कर दी गई है।अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि हाल की कार्रवाईयों से कर चोरी की राशि की वसूली हुई है और इससे कर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। राज्य के सभी 33 जिलों में जीएसटी कार्यालय स्थापित होने से सेवाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता आई है।बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव मुकेश कुमार बंसल, सचिव राहुल भगत और वाणिज्यिक कर आयुक्त पुष्पेंद्र मीणा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

निरंतर वर्षा से किसानों के चेहरे खिले

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी सहित प्रदेश के सभी संभागों में इस समय वर्षा हो रही है, जिसके कारण अब किसानों के चेहरे खिल गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा होने के बाद अब रोपाई के कार्य में तेजी आएगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार इस समय रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सरगुजा तथा बस्तर संभाग में पर्याप्त वर्षा हो रही है। जिसके कारण नदी नाले उफान पर हैं। अन्य नदियों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में इस समय धान की बोआई हो चुकी है, वर्षा होने से इनका अंकुरण तेजी से होगा। किसानों के अनुसार रोपाई के लिए अभी और वर्षा की आवश्यकता है। कृषि विभाग के अनुसार इस समय 7 क्विंटल से अधिक प्रमाणिक बीज का वितरण हो चुका है तथा खाद का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से हो रहा है। उप संचालक कृषि के अनुसार रायपुर जिले में एक लाख 65 हजार कृषि का रकबा है, 50 प्रतिशत बोआई हो चुकी है। प्रमाणिक बीज भी बांटा जा रहा है। ग्रोमोर खाद का रेक आ रहा है, जिसके कारण यहां खाद की समस्या हल होती जा रही है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में कथित फर्जी मुठभेड़ को लेकर आम आदमी पार्टी ने उठाई न्यायिक जांच की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में ग्रामीण महेश कुंजाम की मौत को लेकर सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी (क्क) ने इस मामले को फर्जी एनकाउंटर करार देते हुए गंभीर सवाल खड़े किए हैं।आम आदमी पार्टी की जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए प्रेस क्लब रायपुर में प्रेस वार्ता की। समिति की प्रमुख प्रियंका शुक्ला ने बताया कि महेश कुंजाम एक निर्दोष आदिवासी किसान थे, जिन्हें पुलिस ने नक्सली बताकर मार गिराया। उनके मुताबिक, महेश को एक लाख रुपये का इनामी नक्सली घोषित कर फर्जी मुठभेड़ में जान ले ली गई।प्रियंका शुक्ला ने आगे कहा कि महेश कुंजाम के पास सभी वैध दस्तावेज, पहचान पत्र और बैंक लेनदेन के सबूत मौजूद हैं, जिससे यह साबित होता है कि वह किसी नक्सली गतिविधि में शामिल नहीं था। गांव के लोगों ने भी इस मुठभेड़ को फर्जी बताया है। आप पार्टी ने सरकार से मांग की है कि महेश कुंजाम के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, मृतक के बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च सरकार उठाए और उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए।साथ ही, आम आदमी पार्टी ने इस मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच के लिए आयोग के गठन की भी मांग की है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की समस्त योजनाओं का मिले समुचित लाभ - शर्मा

रायपुर।नारायणपुर जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र सोनपुर, अबूझमाड़ तथा कोंडागांव के आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत कम्प्यूटर, सिलाई एवं अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया।इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे ।

छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल की मनमानी पर कसा शिकंजा

❖ **स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के हस्तक्षेप के बाद बढ़ी फीस पर लगी रोक**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण शुल्क में मनमाने ढंग से की गई तीन गुना बढ़ोतरी और अध्यक्ष-सदस्यों को मिलने वाले भत्तों में दो गुना इजाफा अब रद्द कर दिया गया है। लल्लूराम डॉट कॉम की खबर के बाद मामले ने तूल पकड़ा और काउंसिल के भीतर ही इस फैसले का विरोध शुरू हो गया। काउंसिल के सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता और भगतराम ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर इस मनमानी पर संज्ञान लेने की मांग की थी। जिसके बाद अब स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के हस्तक्षेप ने इस फैसले पर रोक लगा दिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के द्वारा 8 मई 2025 को आयोजित आम सभा में नए पंजीयन एवं नवीनीकरण सहित अन्य फीस को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय को 1 जून 2025 से लागू कर दिया गया था। फीस वृद्धि के बाद राज्य के विभिन्न फार्मासिस्ट संगठन तथा दवा व्यापारी संगठनों ने फीस वृद्धि पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था लेकिन सुनवाई नहीं हुई। लल्लूराम डॉट कॉम ने ख़बर प्रकाशित की, जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के हस्तक्षेप के बाद युवाओं और व्यापारी वर्ग के हितों को ध्यान रखते हुए फीस वृद्धि को वापस किया गया। बढ़ी हुई फीस पर पुनर्विचार के लिए बुधवार 2 जुलाई 2025 को काउंसिल का विशेष सम्मेलन नवीन विश्रामगृह रायपुर में आयोजित किया गया। इस विशेष बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बढ़ी हुई फीस पर विभिन्न बिंदुओं पर पुनर्विचार किया और अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि फीस में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि केवल कोविड महामारी काल में घटाए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को 300 रुपये के स्थान पर पुनः 500 रुपये किया जाए। इस तरह पूर्व में लागू फीस ही यथावत रहेगी। इ
सके साथ ही 1 जून 2025 से जिनसे भी बढ़ी फीस को लिया गया है उन फार्मासिस्टों को अतिरिक्त फीस को वापस किए जाने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ फ़ार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशानुसार फार्मासिस्टों के हितों को ध्यान में रखते हुए बढ़े हुए शुल्क को वापस लिया गया है। छत्तीसगढ़ फ़ार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने कहा, 2013 से फीस में वृद्धि नहीं की गई थी, इसलिए रजिस्ट्रेशन शुल्क और लेट फीस में बढ़ोतरी की गई थी।

चातुर्मास... उपाध्याय प्रवर मनीष सागर का विवेकानंद नगर में मंगल प्रवेश

- सदर बाजार जैन मंदिर से सुबह 7.30 बजे निकलेगा वरघोड़ा
- संभवनाथ जिनालय पहुंचने के बाद धर्मसभा में होगा तब्दील

रायपुर/नवप्रदेश। विवेकानंद नगर के श्री ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में चातुर्मास के लिए उपाध्याय प्रवर श्री मनीष सागर म.सा. का मंगल प्रवेश गुरुवार को होगा। इससे पहले सुबह 7.30 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा। चतुर्विद संघ की अगुवाई में निकली इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। कोतवाली चौक से महिला थाना चौक होते हुए संत और समाजजन विवेकानंद नगर पहुंचेंगे। इस बीच जगह-जगह चावल आटे की गवली सजाकर संतों का स्वागत किया जाएगा। विवेकानंद नगर में श्री संभवनाथ जिनालय पहुंचने के बाद शोभायात्रा धर्मसभा के रूप में तब्दील हो जाएगी। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर बैदमुथा, कार्यकारी अध्यक्ष पुखराज मुणोत और प्रचार प्रचार-प्रसार प्रभारी चंद्रप्रकाश ललवानी ने बताया कि इस शोभायात्रा में अध्यात्म योगी महेंद्र सागर म.सा. के साथ मुनिराज जयपाल विजय म.सा., शोभनतिलक विजय म.सा., साध्वी अक्षयनिधि श्रीजी, हंसकीर्ति श्रीजी समेत महेंद्र सागर म.सा. भी शिरकत करेंगे। उनके अलावा महेंद्र सागर म.सा. के शिष्य वर्धमान सागर म.सा., हर्षवर्धन सागर म.सा., जयवर्धन सागर म.सा., नण्यवर्धन सागर म.सा. भी मौजूद रहेंगे। वहीं, चातुर्मासिक प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे तक टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में होंगे। इससे पहले प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे तक राई प्रतिक्रमण, 6 से 7 बजे तक धार्मिक क्रियाओं का प्रायोगिक प्रशिक्षण, 8 बजे से प्रवचन के पहले तक स्वाध्याय होगा।

संत समुदाय ने स्वामी अभिरामदास के खिलाफ एसपी को सौंपा ज्ञापन

❖ **धर्म और गौशाला के नाम पर पैसे लूटने का लगाया आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के संत समुदाय ने रायपुर कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कुशालपुर निवासी अमनदत्त ठाकुर उर्फ स्वामी अभिरामदास के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साधु-संतों का आरोप है कि यह व्यक्ति साधु-संतों की वेशभूषा पहनकर सनातन धर्म का अपमान कर रहा है और गौसेवा की आड़ में अवैध रूप से लाखों रुपये की कमाई कर रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि अमनदत्त ठाकुर ने ग्राम बोघाछापर, जिला धमतरी में फर्जी गौशाला संचालित की।

अवैध प्लॉटिंग रोकने नया कानून लागू

नहीं बेच पाएंगे सड़क के लिए तय जमीन, बोर्ड पर देनी होगी पूरी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए नया कानून लाया गया है। बुधवार को जारी छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 की अधिसूचना कर दी गई। इसके साथ ही अब राज्य में अब नए नियमों के तहत ही प्लाटिंग होगी. दावा किया जा रहा है कि इससे अवैध प्लाटिंग की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। राज्य में पहली बार ऐसा होगा जब प्लाटिंग के दौरान आवासीय एरिया में कृषि जमीन शामिल होगी तो उसे भी तुरंत आवासीय कराया जा सकेगा. इसके लिए प्लाटिंग करने वालों को कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक शुल्क अदा करना होगा. इससे सरकार

नए आवास नियम से ग्राहकों को फायदा

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के उपसंचालक विनित नायर बताते हैं कि अवैध प्लॉटिंग को पूरी तरह से खत्म करने के लिए ही नए आवास नियम बनाए गए हैं. राजपत्र में इसका प्रकाशन कर दिया गया है. अब राज्यभर में नए नियमों के साथ ही प्लाटिंग होगी. इससे हर वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी.

क्या है नए नियम में

अब 2 एकड़ से कम जमीन पर प्लाटिंग नहीं हो सकेगा. प्लाटिंग से पहले बताना होगा कि गार्डन, क्लब, स्वीमिंग पूल, मंदिर समेत बाकी निर्माण किस जमीन पर होंगे. उस जमीन पर बाउंड्रीवॉल करने के साथ ही जो निर्माण होगा, उसका बोर्ड लगाना होगा. सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी पहले से तय होगी. 9 मीटर से कम की सड़क कहीं नहीं होगी.

प्राइम मेंबर्स 12 जुलाई से 14 जुलाई तक तीन दिन जबरदस्त डील्स

अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

■ तीन दिन, तीन गुना रोमांचः इस साल प्राइम डे 2025 लेकर आ रहा है अब तक की सबसे बड़ी डील्स, शानदार नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट और ज़बरदस्त बचत का मौका!

नई दिल्ली/ए.। अमेज़न इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात 12ः00 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11ः59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज़, अमेज़न डिवाइसेज़, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है। यह शॉपिंग का एकदम सही समय है, इसलिए अपनी प्राइम मेंबरशिप का अधिकतम लाभ उठाएं और खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार किए गए ऑफर्स का आनंद लें। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड व एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान कर 10त्न तक की बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम डे प्रीमियर्स के दौरान टॉप स्मार्टफोन ब्रांड्स के नए लॉन्च देखने को मिलेंगे। ग्राहक मोबाइल टेक्नोलॉजी के लेटेस्ट लॉन्च पर हाथ आज़मा सकेंगे, जिनमें नई खूबियां और आकर्षक रंग शामिल होंगे।इस लाइनअप में सैमसंग गैलेक्सी एम36

5जी, वनप्लस नॉर्ड 5, वनप्लस नॉर्ड सीई5, आईक्यूओओ जेड10 लाइट 5जी, रियलमी नारजो 80 लाइट 5जी, हॉनर एक्स9सी 5जी, ओप्पो रेनो 14 सीरीज, लावा स्टॉर्म लाइट 5जी और आईक्यूओओ 13 आदि शामिल हैं। स्मार्टफोन और एक्सेसरीज़ पर 40त्न तक की छूट के साथ मिलेंगे रोमांचक ऑफर्स, जैसे इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, 24 महीनों तक की नो-कॉस्ट ईएमआई, ?60,000 तक के एक्सचेंज ऑफर्स और भी बहुत कुछ। सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा 5जी, आईफोन 15, वनप्लस 13एस, आईक्यूओओ एनईओ 10आर और अन्य फ्लैगशिप स्मार्टफोन पर आकर्षक डील्स का लाभ उठाएं। प्राइम डे पर एचपी, डेल, लेनोवो, एप्पल और आसुस के लैपटॉप्स; एप्पल, सैमसंग, लेनोवो, श्याओमी और वनप्लस के टैबलेट्स; सैमसंग, बोट, नॉइज़, अमेज़फिट और फायरबोल्ट की वियरेबल डिवाइसेज़; बोट, सोनी, बोल्ट, जेबीएल और बोस के हेडफोन्स; जेबीएल, बोट, बोस, जेब्रॉनिक्स और सोनी के स्पीकर्स; तथा सोनी, गोप्रो, इंस्टा360, डीजेआई और टैपो के कैमरे सहित कई कैटेगरी में टॉप ब्रांड्स पर शानदार ऑफर्स मिल रहे हैं।इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सेसरीज़ और हेडफोन्स पर अधिकतम 80त्न की छूट वियरेबल्स, कैमरे और एक्सेसरीज़ पर अधिकतम 50त्न की छूट लैपटॉप्स पर अधिकतम 40त्न की छूट और टैबलेट्स पर अधिकतम 60त्न की छूट स्पीकर्स पर अधिकतम 60त्न की छूट घर पर ही सिनेमाघर जैसा अनुभव पाएं और बड़े स्क्रीन वाले लेटेस्ट टेलीविज़नों पर जबरदस्त बचत करें। 600 से अधिक लेटेस्ट टीवी और 55 से ज्यादा प्राइम डे स्पेशल लॉन्च से खरीदारी करें और सोनी, सैमसंग, एलजी, टीसीएल और श्याओमी जैसे टॉप टीवी ब्रांड्स पर शानदार ऑफर्स का लाभ उठाएंटेलीविज़नों पर अधिकतम 65त्न तक की छूट, साथ में 10त्न इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, अतिरिक्त कूपन्स, 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई, 3 साल तक की एक्सटेंडेड वारंटी, और एक्सचेंज ऑफर्स उपलब्ध। प्रीमियम टेलीविजन एंटरटेनमेंट की शुरुआत सिर्फ 99 रुपये प्रति दिन से, जिसमें कूपन और बैंक ऑफर्स के जरिए 20,000 रुपये तक की अतिरिक्त बचत, साथ ही पुराना टीवी एक्सचेंज करने पर 7,000 रुपये तक का ऑफर।

न्यूज गैलरी

हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 83,400 स्तर से ऊपर कर रहा कारोबार

मुंबई। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेतों के बीच गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सुबह करीब 9.25 बजे, सेंसेक्स 68.28 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 83,477.97 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 19.30 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 25,472.70 पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि वे केवल बुलिश रेक्टेंगल ब्रेकआउट को मजबूत कर रहे हैं और जब तक 25,200-25,270 एरिया सुरक्षित है, तब तक बुल केवल राहत की सांस ले रहे हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अक्षय चिंचलकर ने कहा, 25,200 स्तर से नीचे, हम 25,000 का जोखिम उठाते हैं। ऊपर की ओर, 25,670 पर हाल ही में आया स्विंग हाई ही बुलिश ट्रिगर है। उन्होंने कहा, अगले सप्ताह अमेरिकी टैरिफ पर मिली कुछ समय की राहत की समय-सीमा समाप्त होने के साथ, यह देखना दिलचस्प होगा कि वैश्विक स्तर पर मौजूदा आशावाद कायम रहता है या नहीं। आज वीकली डेरिवेटिव एक्सपायरी है, इसलिए सामान्य से अधिक अस्थिरता देखी जा सकती है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 9.90 अंक या 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,989.30 पर था।

जनवरी-जून अवधि में कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत है

घरेलू निवेशकों ने भारतीय रियल एस्टेट में 1.4 अरब डॉलर का किया निवेश

नई दिल्ली। देश के रियल स्टेट बाजार में घरेलू पूंजी 53 प्रतिशत बढ़कर 1.4 बिलियन डॉलर हो गई, जो जनवरी-जून अवधि में कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत है। यह जानकारी गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

पहली तिमाही में स्थिर शुरुआत के बाद, भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश में 2025 की दूसरी तिमाही के दौरान शानदार वृद्धि देखी गई, जो क्रमिक आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.7 बिलियन डॉलर हो गई। इसने 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को 3.0 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया, जिससे वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच क्षेत्र मजबूत हुआ।

निवेश की मात्रा 2021 से लगभग 2.6 बिलियन डॉलर के अर्ध-वार्षिक औसत से ऊपर रही, जो निवेशकों की निरंतर रुचि को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू निवेश की बढ़ती हिस्सेदारी पूंजी निवेश परिदृश्य में चल रहे बदलाव को दर्शाती है, जिसमें भारतीय संस्थागत निवेशक मुख्य परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट गतिविधि को आगे बढ़ाने में अधिक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बादल याग्निक ने कहा, घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है, कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है।2025 की पहली छमाही के दौरान 60 प्रतिशत से अधिक घरेलू निवेश आवासीय और ऑफिस एसेट्स की ओर निर्देशित थे, जो मुख्य खंडों में निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

रिकॉर्ड तोड़ बिक्रीः कार प्रेमियों के लिए यह आधा साल रहा यादगार

मुंबई। जो लोग कारों से सिर्फचलने के लिए नहीं, जीने के लिए प्यार करते हैं, उनके लिए यह बड़ी खबर है। स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 गाड़ियाँ बेचकर अब तक का सबसे ऊँचा रिकॉर्ड बना दिया है। यानि हर दिन औसतन 200 से ज्यादा लोगों ने स्कोडा को चुना।

यह उपलब्धि सिर्फ आँकड़ा नहीं है, यह भरोसे का नतीजा है। स्कोडा अब भारत के टॉप 7 ऑटो ब्रांड्स में शामिल हो गया है, और उसने 2022 की पिछली बेस्ट छमाही बिक्री 28,899 यूनिट्स को भी पीछे छोड़ दिया है। ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "इस रिकॉर्ड के पीछे हमारे ग्राहकों का भरोसा है। कायलैक जैसी एसयूवी और हमारी सेवाओं ने स्कोडा को हर शहर में पसंदीदा ब्रांड बना दिया है। अब हमारा लक्ष्य है भारत के हर कोने तक पहुँचना।कंपनी ने इस साल की शुरुआत अपनी पहली छोटी एसयूवी कायलैक के लॉन्च से की थी, जिसने टियर-2 और टियर-3 शहरों में कंपनी की पहुँच को मजबूत किया।

युकी-गैलोवे की जोड़ी विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में

लंदन। इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज करके विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अरीना सबालेंका विम्बलडन में दूसरे दौर के मैच का पहला सेट गंवाने से बस दो अंक के फासले पर थी, लेकिन सही समय पर वापसी करते हुए उन्होंने मैरी बूजकोवा को 7-6, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। इस बार विम्बलडन महिला एकल में शीर्ष दस में से चार खिलाड़ी पहले दौर में बाहर हो गईं जिनमें दूसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ, तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला, पांचवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किंवेन और नौवीं रैंकिंग वाली पाउला बाडोसा शामिल हैं। अब तक दो दिन के भीतर 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (दस महिला और 13 पुरूष) बाहर हो चुके हैं। सबालेंका पिछले साल कंधे की चोट के कारण विम्बलडन नहीं खेल सकी थी।

श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, यूएस ओपन जीतने वाले आयुष को मिली हार

स्पोर्ट्स डेस्क। श्रीकांत मई में मलयेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन युवा आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलयेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

0 नई दिल्ली। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैदराबाद में संपन्न एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित नौ पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग रायपुर
कार्यालय कार्यपालन अभियंता महानदी जलाशय परियोजना द्वितीय चरण संभाग रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय की निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2025-26 निविदा सिस्टम क्रमांक 167678 राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर (फेस-2) के कि.मी. 61.30 से कि.मी. 69.28 तक मिट्टी का शेष कार्य एवं 12 नग मेसनरी स्ट्रक्चर्स का निर्माण कार्य (लागत राशि रु. 1498.33 लाख) अनुविभागीय अधिकारी भू-अर्जन प्रकरण पत्र में उल्लेख किया गया है भू-अर्जन के निराकरण में कृषकों द्वारा आपसी सहमति पत्र में हस्ताक्षर करने से मना किया गया एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी द्वारा प्रकरण के निराकरण में हो रही देरी के कारण एवं अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त जाती है।
जिसका जी नम्बर- 252600672 दिनांक 06/05/2025

जी-252601960/6

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण संभाग रायपुर
जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202505100900141
/ब/121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम चीचा प.ह.नं. 16 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदिका प्रभा चंद्राकर पति स्व. मनोज चंद्राकर निवासी ग्राम चीचा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम चीचा प.ह.न. 16 स्थित प्रभा चंद्राकर पति स्व. मनोज चंद्राकर व अन्य के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 510 रकबा 0.05 हे0 भूमि में वर्तमान अभिलेख में शासकीय भूमि दर्ज हो जाने से उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए भूमिस्वामी हक में दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त। आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका प्रभा चंद्राकर पति स्व. मनोज चंद्राकर निवासी ग्राम चीचा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख त्रुटि सुधार किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो आनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.07.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी।

मुहर

तहसील
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
क्रमांक/आब./ठेका/2025-26/2875 कबीरधाम, दिनांक 01/07/2025

// निविदा सूचना-पत्र //

कार्यालय छ.ग. स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक/सी.एस.एम.सी.एल./ उ.प्र. (1)/169/2017/1240 रायपुर दिनांक 27.11.2017 में प्राप्त निर्देश के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु देशी/विदेशी/कम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए सामान्य प्रयोग नियम के अनुरूप कबीरधाम जिले के देशी/विदेशी मदिरा दुकान के लिए आपत्ति रहित स्थल पर भवन किराया लिए जाने के संबंध में निविदा जारी किये जा रहे हैं :-

क्र.	मदिरा दुकान का नाम	दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र
1	देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान रेंगाखार	ग्राम पंचायत रेंगाखार के सीमा अंतर्गत आपत्ति रहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु पूरे साज सज्जा से युक्त

उपरोक्त मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लिए जाने के संबंध में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टोरेट) कबीरधाम के अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में मुहरबंद निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 07.07.2025 समय 2.00 बजे दोपहर तक है।** निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त करेंगे तथा **निविदा प्रपत्र शुल्क-1000/- रुपये (एक हजार रुपए मात्र) बैंक ड्राफ्ट, जिला आबकारी अधिकारी, कबीरधाम (छ.ग.)** के नाम से जमा कर दिनांक 07.07.2025 को समय अपरान्ह 12ः00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। सबसे कम दर वाले निविदा स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्वीकार करने का या न करने का अंतिम निर्णय समिति का होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड **दिनांक 07.07.2025 को समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 09.07.2025 समय शाम 4.00 बजे** निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी-252601959/3

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित एच.आई.जी. फ्लैट (कंचन अश्व परिसर) योजना के अंतर्गत, फ्लैटों/भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एच.आई.जी. फ्लैट-ब्लाक- II/510 में श्री देवेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. के.आर. साहू को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06.10.2009 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय करने हेतु दिनांक 25.06.2025 को निष्पादित इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्रीमती निमिषा सोनी पति श्री जिम्मी सोनी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त फ्लैट/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द
मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-10 (प्रथम बार)
(अपूर्ण कार्य को पूर्ण करना)

क्रमांक/10/एस.ए.सी./ग्रा.यां.से./2024-25 महासमुन्द, दिनांक 02/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रु.) में
1	2	3
वि.ख. महासमुन्द अंतर्गत विभिन्न शाला भवनों में स्वीकृत (अपूर्ण निर्माण कार्य को पूर्ण करना) विद्युतीकरण कार्य सहित		
1	शास. पूर्व माध्य. शाला रामखेड़ा में 2 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	2.60 लाख
2.	शास. पूर्व माध्य. शाला रामसागर (भावा) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	8.67 लाख
वि.खं. बागबाहरा अंतर्गत विभिन्न शाला भवनों में स्वीकृत (अपूर्ण निर्माण कार्यो को पूर्ण करना) विद्युतीकरण कार्य सहित		
1	शास. प्राथ. शाला मोंगरापाली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	6.65 लाख
2	शास. प्राथ. शाला रेवा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	3.24 लाख
3	शास. पूर्व माध्य. शाला मोहगांव में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	6.48 लाख
4	शास. प्राथ. शाला डोंगरीपाली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	3.06 लाख
वि.खं. पिथौरा अंतर्गत विभिन्न शाला भवनों में स्वीकृत (अपूर्ण निर्माण कार्य को पूर्ण करना) विद्युतीकरण कार्य सहित		
1	शास. पूर्व माध्य. शाला सोनासिल्ली में दीर्घ मरम्मत (जीर्णोद्धार) कार्य	8.07 लाख
2	शास. प्राथ. शाला खम्हन में दीर्घ मरम्मत (जीर्णोद्धार) कार्य	1.98 लाख
3	शास. प्राथ. शाला चौकबेड़ा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	3.27 लाख
4	शास. प्राथ. शाला नवाडीह (सरायपाली) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	4.46 लाख
5	शास. पूर्व माध्य. शाला (बालक) बुन्देली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	4.83 लाख
6	शास. प्राथ. शाला पण्डरीखार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	3.30 लाख

(टीप :- उपरोक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 16/07/2025)
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाईट **https://res.cg.gov.in** में दिनांक 02/07/2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-252601964/8 कार्यपालन अभियंता

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता गौरव हरि यादव पिता श्री जगन्नाथ यादव निवासी सुमीत नगर पचपेड़ी नाका रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-
1/ यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।
2/ यह कि मेरे पुत्री गायत्री यादव का जन्म दिनांक 14/09/2016 को हो चुका है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र मेरे द्वारा बनवाया गया है जिसमें मुझ शपथकर्ता का नाम गौरव यादव दर्ज है जो कि गलत नाम दर्ज है।
3/ यह कि मुझ शपथकर्ता का सही नाम गौरव हरि यादव है जो कि मेरा सही नाम है।
4/ यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम गौरव यादव को विलोपित कर मेरा सही नाम गौरव हरि यादव दर्ज अंकित किया जावे जिसके समर्थन में महोदय के समक्ष यह शपथ पत्र पेश है।
सत्यापन :- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कण्डिका 01 से 04 तक की सभी बातें सत्य व सही है।

शपथकर्ता
गौरव हरि यादव

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता मोहन नाहटा उम्र 59 वर्ष पिता रावत मल नाहटा जाति जैन निवासी हाउस नं. 12, वार्ड नं. 12, नगरी, पो. नगरी, पुलिस थाना नगरी, तहसील नगरी जिला धमतरी पिन 493778 छत्तीसगढ़ का हूं। जो नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक सत्य कथन कर घोषणा करता हूं।
1. यह कि मेरा पूर्व नाम मोहन लाल नाहटा पिता रावतमल नाहटा था जो कि मेरे पासपोर्ट नं. एम 7773041 पर दर्ज है।
2. यह कि मैंने अपना नाम मोहन लाल नाहटा पिता रावतमल नाहटा से मोहन नाहटा पिता रावत मल नाहटा कर लिया है। जो कि मेरे आधार पंजीयन नं. 5601 3986 9625 है, बैंक आदि दस्तावेज पर दर्ज है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं, उपरोक्त दोनों नाम वाला एक ही व्यक्ति मैं ही हूं इसकी पुष्टि में यह शपथ पत्र दे रहा हूं। मुझे भविष्य में मोहन नाहटा पिता रावत मल नाहटा के नाम से सभी कार्य से जाने व पहचाने व लिखे जाने बाबत यह घोषणा कर रहा हूं।
सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका एक से दो तक में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः की जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। अतः आज दिनांक को नगरी में अपना हस्ताक्षर एवं सत्यापित किया।

शपथकर्ता

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी) (छ.ग. शासन का उपक्रम)
कार्यालय- कार्यपालन अंभियंता (संचा./संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. कुरूद
बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र भखारा में आवश्यक रख-रखाव एवं सुधार कार्य हेतु भखारा उपसंभाग के निम्नांकित क्षेत्रों में नीचे दी गई तिथियों में प्रातः 8ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगी।

क्र.	रख-रखाव की तिथि/दिन	उपकेन्द्र का नाम	प्रभावित फीडर	प्रभावित गांव
1	04.07.2025 (दिन-शुक्रवार एवं 05.07.2025 (दिन-शनिवार)	33/11 के.व्ही उपकेन्द्र भखारा	भखारा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त पम्प फीडर	ग्राम कोलियारी, जोरातराई, पुरैना, सिंगदेही, भेंड्सर, भखारा, भठेली, देवरी, कोसमर्रा, भेडरवानी, चिरपोटी, सेमरा सुपेला, सिलघट
2		33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खम्हरिया	खम्हरिया उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त पम्प फीडर	ग्राम-डोंगा, गुजरा, बिरेतरा, खम्हरिया, जुनवानी, दर्री रावनगुड़ा, कुरमातराई, रीवागहन, दरगहन
3		33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलीडीह	सिलीडीह उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त पम्प डीलर	ग्राम मड़ेली, कचना, नवागांव, सिलीडीह, सिलतरा कानामुका, सिर्वे, गणेशपुर, जामगांव, खपरी जरवायडीह, कुम्हारी, भैंसबोड़, सरबदा।
4		33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जोरातराई	जोरातराई उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त पम्प फीडर	ग्राम-मुरा, कल्ले, मुल्ले, अंवरी, चटौद, कोड़ापार खुरसेंगा, बिरेझर, भरदा, दरबा।
5		33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोर्रा	कोर्रा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त पम्प फीडर	ग्राम- कोर्रा उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले समस्त गांव।
6		33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पचपेड़ी	पचपेड़ी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त पम्प फीडर	ग्राम- पचपेड़ी, रामपुर, गाड़ाडीह एवं अन्य।
7		132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र भखारा	एच.टी. फीडर	समस्त उच्चदाब उपभोक्ता।

// आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है। //

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. कुरूद

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग (छ.ग.)
Jila Sahakari Kendriya Bank Mydt.Durg (C.G.)
Email:- jskbdurg@gmail.com, jskbactdurg@gmail.com

:- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग (छ.ग.) :-

क्रमांक/आडिट/ लेखा/1341 दुर्ग, दिनांक 03/07/2025

" आंतरिक (सतत) मासिक अंकेक्षण कार्य (Concurrent Audit) हेतु निविदा आमंत्रण "

बैंक मुख्यालय एवं शाखाओं के आंतरिक (सतत) मासिक अंकेक्षण वर्ष 2025-26 हेतु (माह अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक, 12 माह हेतु) चार्टर्ड एकाउन्टेंट एसोसिएशन में रजिस्टर्ड सी.ए.फर्मों (चार्टर्ड एकाउन्टेंट) से निविदा आमंत्रित किया जाता है, निविदा बैंक की प्रत्येक जिले (बालोद-25 शाखाएं, बेमेतरा-24 शाखाएं एवं दुर्ग-24 शाखाएं) एवं मुख्यालय हेतु कार्य प्रस्ताव प्रोफाईल एवं प्रति शाखा दर का उल्लेख करते हुए पृथक-पृथक बंद लिफाफे में जिलेवार दिया जाना आवश्यक है, लिफाफे के ऊपर "**कांकुरेट आडिट हेतु निविदा**" तथा निविदा जमा करने वाली फर्म का नाम, पता एवं फोन/मोबाईल नम्बर लिखा जाना आवश्यक है, निविदा के अंतर्गत नियम एवं शर्तों की जानकारी बैंक की वेबसाईट www.jskbdurg.in अथवा प्रधान कार्यालय, दुर्ग जी.ई. रोड दुर्ग, लेखा कक्ष से प्राप्त की जा सकती है।

1	निविदा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि -	दिनांक 24.07.2025 (अवकाश तिथि को छोड़कर)	समय : 4.00 बजे तक (प्रधान कार्यालय, दुर्ग, लेखा कक्ष)
2	निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान -	दिनांक 28.07.2025	समय : 3.30 बजे (प्रधान कार्यालय, दुर्ग)

निविदा फार्म को बैंक के मुख्य अधिकारियों के समक्ष खोला जावेगा, यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा निर्धारित तिथि/समय तक नहीं खोली जाती है तो निविदा खोले जाने की आगामी तिथि को जानकारी पृथक से फोन/ मोबाईल के माध्यम से दी जावेगी, निविदा फार्म में अंतिम निविदा शर्तों का पालन करना निविदाकर्ता को बंधनकारी होगा तथा बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार बैंक प्रबंधन को होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग

न्यूज गैलरी

सांसद अग्रवाल अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के बनाए सदस्य

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा के सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल को केंद सरकार ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में नई जिम्मेदारी प्रदान की गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार, संवर्धन और राजकीय कार्यों में अधिकाधिक उपयोग को लेकर मैं प्रतिबद्ध हूं। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग की हिन्दी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में जुडऩा मेरे लिए गौरव का विषय है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे यह दायित्व सौंपा। उल्लेखनीय है कि हिन्दी सलाहकार समिति का कार्य मंत्रालय की योजनाओं, कार्यक्रमों और दस्तावेजों में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करना तथा भाषा से संबंधित सुझाव देना होता है।

राजभवन के अधिकारियों को स्थानांतरण पर दी गई बिदाई

रायपुर /नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका ने प्रेस अधिकारी हर्षा पौराणिक और सहायक लेखाधिकारी मनीष पाण्डेय के स्थानांतरण पर उन्हें नये दायित्वों तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिससे हर शासकीय सेवक को गुजरना पड़ता है। जहां भी कार्य करें अपना सर्वश्रेष्ठ दें। शासकीय दायित्वों के साथ अपने परिवार को भी समय दें। राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना ने कहा कि आज सोशल मीडिया के दौर में जनसंपर्क का कार्य एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। साथ ही राजभवन के लेखाजोखा का कार्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों अधिकारियों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता पूर्वक किया गया। उन्होंने नये दायित्वों के लिए दोनों को बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, उप सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

रायपुर /नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के लटोरी क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवों घाघिटिकरा, कल्याणपुर, खुठेनपारा और कोटबहरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाथियों द्वारा की गई क्षति का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। मंत्री राजवाड़े ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन ग्रामीणों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित पटवारी से फोन पर बात कर तत्काल मुआवजा प्रकरण तैयार करने और पीड़ित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राजवाड़े ने कहा कि , प्राकृतिक आपदा या वन्यजीवों के कारण होने वाली क्षति को गंभीरता से लिया जाएगा।

राजिम मेला स्थल पर आवश्यक निर्माण कार्य के लिए 20.23 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद जिले के विकासखण्ड-फिंगेश्वर अंतर्गत राजिम मेले के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु महानदी के आरती स्थल, शाही स्नान और श्रद्धालुओं के स्थान, प्लेटफार्म और सीढ़ी निर्माण कार्य के लिए 20 करो? 23 लाख 50 हजार रूपए स्वीकृत किए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मेला स्थल पर निर्माण कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

खरीफ सीजन की मजबूत तैयारी

बेमेतरा/ नवप्रदेश। जिले में खरीफफसलों की बोनी लगभग पूर्णता की स्थिति में है। कई जगहों पर धान की रोपाई का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। इस बीच किसानों को खाद और बीज की कोई कमी न हो, इसके लिए बेमेतरा जिला प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा खरीफसीजन की तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष बेमेतरा जिले में गत वर्ष की तुलना में 141 प्रतिशत सिंगल सुपर फास्फेट और 125 प्रतिशत एनपीके खाद की आपूर्ति हो चुकी है। डीएपी खाद के मुकाबले एसएसपी और एनपीके खाद भी अत्यंत उपयोगी और पोषक तत्वों से भरपूर हैं। एसएसपी में 16 प्रतिशत फास्फोरस और 11 प्रतिशत सल्फर होता है, जो फसलों की बेहतर वृद्धि के लिए लाभकारी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन ने इस वर्ष सहकारी समितियों और निजी दुकानों को खाद आबंटन का अनुपात 70:30 रखा है, जबकि पहले यह 60:40 था। इस व्यवस्था के तहत 70 प्रतिशत या इससे अधिक खाद रैक पॉइंट से मार्कफेड के माध्यम से बेमेतरा को प्राप्त हो रहा है। बेमेतरा जिले को अब तक कुल 51 हजार 054 मीट्रिक टन खाद प्राप्त हो चुकी है।

मानूसन की इंट्री फिर भी जिले का एकमात्र सिकासार बांध सूखा

गरियाबंद/ नवप्रदेश। जिले का एकमात्र जीवनदायिनी सिकासार बांध पूरी तरह से सुख चुका है। बारिश का मौसम भी आ गया है, लेकिन बांध में जलसंकट गहराया हुआ है। छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री हो गई है, प्रदेश के कई अलग-अलग जगहों में जमकर बारिश हो रही है, नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। वहीं बात की जाए गरियाबंद जिले की तो यहां भी बारिश हो रही है, लेकिन गरियाबंद का सिकासार बांध, जो कि एकमात्र जीवनदायिनी है, वह जलसंकट से जूझ रहा है। मालूम हो कि सिकासार बांध में हमेशा जलभराव बना रहता था। लेकिन इस बार रबी फसल के लिए पानी की मांग पर बांध से पानी छोड़े गए इसके अलावा राजिम कुंभ के लिए पानी छोड़ा गया था। मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान स्थिति में बांध में 19 प्रतिशत पानी है। लेकिन बांध की जो तस्वीर सामने आई है, वह काफी चिंतनीय है। कभी यह बांध पानी से लबालब हुआ करता था, गेट के सामने रुके हुए पानी का विहंगम दृश्य देखते ही बनता था। बांध में आज पत्थर ही पत्थर दिखाई दे रहे हैं, जिसमें पर्यटक सेल्फी के साथ फोटो खिंचवाते नजर आते हैं। अब बांध को भी इस मानसून में अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार है। सिंचाई विभाग के एसडीओ मनोज टांडी ने बताया कि सिकासार बांध में 19 प्रतिशत पानी है। रबी फसल के साथ ही निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया था। इसके अलावा बांध से राजिम कुंभ और धमतरी जिले में सिंचाई के लिए भी पानी छोड़े गए थे।

सूखे बांध में पहुंच रहे पर्यटक

खूबसूरत वादियों के बीच बसा है सिकासार बांध

प्राकृतिक वादियों की खूबसूरती के बीच सिकासार बांध स्थित है। जो कि गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी की दूरी पर है। बता दें कि सिकासार जलाशय का निर्माण सन 1977 में हुआ, इसकी लंबाई 1540 मी. एवं ऊंचाई 9.32 मी. है। यहां जल विद्युत संयंत्र स्थापित है, जिससे सिंचाई के साथ-साथ बिजली उत्पादन भी किया जाता है।

एनपीके और एसएसपी उर्वरकों के लक्ष्य में 4.62 लाख मेट्रिक टन की बढ़ोत्तरी

छत्तीसगढ़ सरकार ने डीएपी की पुख्ता वैकल्पिक व्यवस्था की

- चालू खरीफ सीजन में अब 17.18 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं

रायपुर /नव प्रदेश। देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है। डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20-0-013) और एनपीके (12-32-3) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मेट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मेट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मेट्रिक टन से 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे-एनपीके और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों से किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि चालू खरीफ सीजन में 14.62 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य कृषि विभाग द्वारा निर्धारित किया गया था, जिसमें यूरिया 7.12 लाख मेट्रिक टन, डीएपी 3.10 लाख मेट्रिक टन, एनपीके 1.80 लाख मेट्रिक टन, एमओपी 60 हजार मेट्रिक टन, एसएसपी 2 लाख मेट्रिक टन शामिल था। डीएपी के कमी को देखते हुए कृषि विभाग ने इस लक्ष्य को संशोधित किया है। डीएपी की आपूर्ति की कमी चलते इसके लक्ष्य को 3.10 लाख मेट्रिक टन से कमकर 1.03 लाख मेट्रिक टन किया गया है, जबकि एनपीके के 1.80 लाख मेट्रिक टन के लक्ष्य को ब?ाकर 4.90 लाख मेट्रिक टन और एसएसपी के 2 लाख मेट्रिक टन को बढ़ाकर 3.53 लाख मेट्रिक टन कर दिया गया है। यूरिया और एमओपी के पूर्व निर्धारित लक्ष्य को यथावत् रखा गया है। इस संशोधित लक्ष्य के चलते रासायनिक उर्वरकों के वितरण की मात्रा 14.62 लाख मेट्रिक टन से बढ़ कर अब 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गई है।

किसानों को फसल के लिए उर्वरक खादों के उपयोग की सलाह

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि डीएपी की कमी को अन्य उर्वरकों के निर्धारित मात्रा का उपयोग कर पूरी की जा सकती है और फसल उत्पादन बेहतर किया जा सकता है। फसलों के लिए जरूरी पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश सहित मात्रा में मिले तो उपज में कोई कमी नहीं आती है। डीएपी की कमी को देखते हुए किसानों को अन्य फॉस्फेट खादों के उपयोग की सलाह दी है। डीएपी के प्रत्येक बोरी में 23 किलोग्राम फॉस्फोरस और 9 किलोग्राम नाइट्रोजन होता है। इसके विकल्प के रूप में तीन बोरी एसएसपी और एक बोरी यूरिया का उपयोग करने से पौधों को पर्याप्त मात्रा में फॉस्फोरस, कैल्सियम, नाइट्रोजन और सल्फर मिल जाता है। एसएसपी उर्वरक पौधों की वृद्धि के साथ-साथ जड़ों के विकास में भी सहायक है, इसके उपयोग से फसल की क्वालिटी और पैदावार बढ़ाने में मदद मिलती है। डीएपी की कमी को दूर करने के लिए किसान जैव उर्वरकों का भी उपयोग कर सकते हैं।

ऑपरेशन मुस्कान में मिली बड़ी कामयाबी

- 1265 पुरूष इस प्रकार कुल 4472 गुमशुदा व्यक्तियों को बरामद किया

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ पुलिस महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में गुमइंसान विशेषकर गुम बच्चों के पतातलाश हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाया जाता है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। ऑपरेशन मुस्कान की सफलता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम द्वारा गुम महिला एवं पुरूषों के खोजबीन हेतु ऑपरेशन तलाश के रूप में एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया, जो बालिग वर्ग के व्यक्तियों के पतातलाश की दिशा में राज्य का यह पहला अभियान है। पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय यादव के मार्गदर्शन में 01/जून/ से 30/जून/ 25 तक ऑपरेशन तलाश चलाया गया। इस अभियान की सफलता के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति, टीम का गठन, संचार साधनों के बेहतर उपयोग सहित अनेक दिशा-निर्देश पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये। इस दौरान गुम हुए प्रत्येक व्यक्तियों के घर पर जाकर उनके परिजनों से संपर्क करते हुए हर एक प्रकरण की समीक्षा करने के उपरांत रणनीति बनाकर टीम का गठन कर ऐसे संभावित स्थान पर रवाना किया गया, जहां गुम व्यक्ति के मिलने की संभावना थी। ऑपरेशन तलाश के तहत न केवल प्रदेश के भीतर बल्कि पूरे भारत वर्ष में पुलिस टीमों को भेजकर 3207 महिला एवं 1265 पुरूष इस प्रकार कुल 4472 गुमशुदा व्यक्तियों को बरामद किया गया है। अभियान के दौरान 252 महिला एवं पुरूषों को विभिन्न राज्यों क्रमशः मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड, दिल्ली, तमिलनाडू, बिहार, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, पुडूचेरी एवं असम से सकुशल दस्तयाब कर विधिसम्मत उनकी घर वापसी कराई गई। इस अभियान में जिला बिलासपुर एवं दुर्ग द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्यवाही करते हुए 1056 एवं 807 महिला एवं पुरूषों को बरामद करने में सफलता अर्जित की गई है। वहीं जिला महासमुंद एवं रायपुर द्वारा भी उल्लेखनीय कार्य करते हुए क्रमशः 267 एवं 217 गुमशुदा व्यक्तियों को बरामद करने में कामयाबी हासिल की है।

निगम आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण के लिये टीम की गठित

24 घंटे अमला रहेगा तैनात, कंट्रोल रूम टांकाघर में

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये निगम अधिकारियो एवं कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा है। आयुक्त ने उक्त नियंत्रण कार्य के लिये तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगायी है और निगम का अमला अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये 24 घंटे रोकथाम के उपाय,पानी भराव को रोकने सहित प्रभावितो के आवास की व्यवस्था का कार्य करेगा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि एवं बार नियंत्रण के लिये कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा मो.नं. 70008 62950 को नोडल अधिकारी वार्ड नं. 1 से 30 तक व कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे मो.नं. 79993 94145 वार्ड नं. 31 से 51 तक एवं सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है तथा सफाई के लिये प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा मो.नं. 79996 98498 को प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी का दायित्व स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को सौपा गया है। इसके अलावा उप अभियंता ज्योति साहू, सुषमा साहू, पिंकी खाती, आयुषी सिंह रोमाली शेण्डे, तिलक राज ध्रुव, मोनेन्द्र साठिया, अशोक देवांगन व श्री डागेश्वर कर्ष को शिफ्ट प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी के लिये कर्मचारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। जो तीनों शिफ्ट में प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक व रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य करेंगे। निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि वर्षा ऋतु में पानी भरने वाले स्थानो की सूची बनाने तथा रोकथाम के उपाय एवं सुझाव के लिये प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को जवाबदारी दी गयी है। वही लेबर व्यवस्था व रेत की बोरियों की व्यवस्था का दायित्व उप अभियंता डागेश्वर कर्ष व युगराज कोमरे व मोहारा फिल्टर प्लांट के लक्ष्मीकांत देवांगन को सौंपा गया है।

अग्रसेन महाविद्यालय का 23 वां स्थापना दिवस कई विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

रायपुर /नवप्रदेश। किसी महाविद्यालय के दो दशकों से अधिक की यात्रा बताती है कि किस शिद्दत से महाविद्यालय की नींव रखी गई है ये बातें कहीं पं रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एस के पाण्डे ने अवसर था पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह का । इस अवसर पर ग्रीष्म कालीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वी. के. अग्रवाल ने कहा कॉलेज छोटे जगह पर खोला तब सबने संशय किया था पर हमारे ख्वाब बड़े थे हमारे शिक्षकों के प्रयास से अच्छे परिणाम आज हमारे महाविद्यालय की पहचान है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज के केंद्रीय ईकाई के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने कहा कि जिन्होंने इस कॉलेज का बीज रोपण किया वो और जिन्होंने माली की तरह इसे पल्लवित किया दोनों बधाई के पात्र हैं। स्वागत भाषण देते हुए अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष अजय दानी ने कहा कि बीकॉम के चार छात्रों से शुरू हुई यात्रा आज पंद्रह विषयों के साथ सात सौ से अधिक छात्रों तक पहुंच गई है।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने आभार देते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन प्रतियोगिता के विजेताओ ंको बधाई साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक सदस्यों को याद करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि कौशल विकास के प्रशिक्षकों और विद्यार्थीयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में वर्ष भर एन एस एस के छात्र अपनी सेवाएं महाविद्यालय के विभिन्न आयोजन में देते हैं उन छात्रों को और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने प्राइवेट स्कूलों को बारकोड स्कैनिंग के लिए दी 7 दिन की मोहलत

रायपुर /नवप्रदेश। / मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री राजा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पहली से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें वितरित की जा रही हैं। यह जिम्मेदारी पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा पूरी गंभीरता से निभाई जा रही है।

श्री पाण्डेय ने बताया कि पिछले शिक्षा सत्र में सामने आई कुछ अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रत्येक पुस्तक पर दो बारकोड लगाए गए हैं।एक प्रिंटर की पहचान के लिए और दूसरा पुस्तक के गंतव्य विद्यालय की पहचान के लिए।

इस वर्ष कुल 2 करोड़ 41 लाख किताबें मुद्रित की गईं, जो 17-18 जून 2025 तक सभी डिपो में पहुँचा दी गईं। शासकीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं, 10वीं की पुस्तकें स्कूलों तक पहुंचा दी गई है तथा स्कूलों में बारकोड स्कैनिंग का कार्य भी 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसी तरह आत्मानंद विद्यालयों में भी पुस्तकों का वितरण तेजी से किया जा रहा है और 60 प्रतिशत किताबें पहुँच चुकी हैं, शेष कुछ ही दिनों में पहुँचा दी जाएंगी।

प्राइवेट विद्यालयों को इस बार बारकोड स्कैनिंग के पश्चात ही पुस्तकें डिपो से प्रदान की जा रही हैं, जबकि पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से यह प्रक्रिया की जाती थी। हालांकि, बीते तीन दिनों में डिपो में स्थान की कमी और स्कैनिंग प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता की कमी के कारण समस्याएं उत्पन्न हुईं।

इस संबंध में जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को अवगत कराया गया और बताया गया कि 1100 से अधिक सरस्वती शिक्षा मंदिर सहित बड़ी संख्या में प्राइवेट विद्यालयों को पुस्तकें मिलनी हैं, तब मुख्यमंत्री जी ने शीघ्र निर्णय लेते हुए निर्देशित किया कि सभी प्राइवेट विद्यालय अपनी आवश्यकता अनुसार जिलेवार किताबें डिपो से प्राप्त करें तथा 7 दिवस के भीतर अपने विद्यालय में बारकोड स्कैनिंग पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री जी के इस निर्णय की सराहना करते हुए अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि यह शिक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com